दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 224
कोटद्वार रविवार
18 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## क्रिसमस और न्यू ईयर का मजा होगा फीका, नहीं कर पाएंगे पूरी रात पार्टी- लाउड म्यूजिक पर भी पाबंदी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सर्दियों की छुट्टियां शुरू होने वाली हैं। क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए आप भी कोई खूबसूरत जगह की तलाश कर रहे होंगे या तय कर लिया होगा, जहां पर आप पूरी रात पार्टी कर सकें। गोवा अक्सर इस मौके पर सैलानियों से भरा होता है। इन तारीखों की बुकिंग महीनों पहले से हो जाती है। ऐन वक्त पर होटल, रिसर्ट सारे भरे होते हैं, लेकिन अगर आप भी गोवा में रातभर पार्टी और लाउडस्पीकर पर डांस करना चाहते हैं तो ठहर जाइये। दरअसल गोवा सरकार ने आधी रात के बाद तेज आवाज में गाने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। जानकारी के अनुसार सरकार ने कुछ खास दिनों में सुबह 6 बजे तक संगीत की अनुमति देने वाले पहले के कानून को वापस लिया है। अब इस फैसले के बाद क्रिसमस और नए साल की ट्टियों से पहले सैकड़ों होटलों, रिसर्ट्स और पार्टी स्थलों की योजनाओं को खतरे में डाल दिया है। तटीय राज्य के लिए ये सीजन सबसे ज्यादा खास होता है। इससे पहले कुछ त्योहारों पर लाउडस्पीकर की अनुमति लेने के बाद सुबह छह बजे तक अनुमति दी जाती थी। ताजा फैसले के मुताबिक अब रात 12 बजे तक की अनुमति होगी।

## नीलगाय से टकरा कर कार पलटी, तीन की मौत

**बस्ती ,एजेंसी।** यूपी के बस्ती जिले में शनिवार को हाइवे गड़हा गौतम के पास बस्ती-अयोध्या लेन पर नीलगाय से टकराकर एक कार पलट गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। बस्ती के पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि जिले के कप्तान गंज थाना अंतर्गत हाइवे के गड़हा गौतम के पास बस्ती-अयोध्या लेन पर एक कार में सात लोग सवार थे। कार सवार गोरखपुर से लखनऊ की ओर जा रहे थे।

इसी बीच अचानक नील गाय आने के कारण कार अनियंत्रित हो गई। कार नीलगाय से टकराने के बाद पेड़ से भिड़कर पलट गई। इससे कार सवाल एक की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को अस्पताल भेजा गया, जहां दो लोगो की और मौत हो गई। शेष सभी का इलाज चल रहा है। कार सवार सभी फाइनेंस कंपनी में काम करते थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया है।

## 12वीं की स्टूडेंट बनी मां, गर्ल्स हॉस्टल में दिया बच्चे को जन्म

**चिक्कमगलुरु ,एजेंसी।** सरकार द्वारा संचालित गर्ल्स हस्टल में 12वीं कक्षा की एक छात्रा ने बच्चे को जन्म दिया है। कई संगठनों ने हस्टल वार्डन और जिला समाज कल्याण अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

अन्य संगठनों का आरोप है कि यह घटना एक छात्रावास में हुई है, जहां लगभग 200 छात्राएं रहती हैं। सूत्रों के मुताबिक समाज कल्याण अधिकारी ने दावा किया कि युवती ने अपने पेट पर कपड़े लपेट रखा था, इसलिए गर्भावस्था की पहचान नहीं पाईं। पुलिस ने इस संबंध में पक्सो का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरकार द्वारा संचालित छात्रावासों में लड़कियों की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कार्यकर्ताओं ने पूछा कि इन परिस्थितियों में माता-पिता अपने बच्चों को सरकारी छात्र-ावासों में कैसे भेज सकते हैं।

उन्होंने कहा, हर तीन महीने में एक बार लड़कियों के स्वास्थ्य की स्थिति की जांच की जानी चाहिए।

### जयपुर में श्रद्धा जैसा हत्याकांड

# ताई की हत्या कर मार्बल कटर से शव के किए कई टुकड़े



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में शनिवार को दिल्ली के श्रद्धा वालकर जैसा हत्याकांड की जानकारी मिलने के बाद सनसनी फैल गई।पुलिस ने बताया कि अनुज शर्मा उर्फ अचित्य गोविंद दास (33) नाम के एक शख्स ने कथित तौर पर अपनी ताई की हत्या कर शरीर को टुकड़ों में काट दिया और फिर उन्हें दिल्ली राजमार्ग के पास अलग-अलग जगहों पर दें क दिया। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी कि उसकी ताई गायब हो गई हैं और फिर अन्य रिश्तेदारों के साथ उनकी तलाश शुरू कर दी ।

हालांकि, पुलिस को अनुज पर शक हुआ और उससे कड़ाई से पूछताछ की, जिसके बाद उसने खुलासा किया कि उसने 11 दिसंबर को अपनी ताई को हथौड़े से मारकर मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने बताया कि अनुज को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया था। अनुज पिछले सात-आठ वर्षों से शहरे ष्णश आंदोलन से जुड़ा हुआ था। हालांकि, जयपुर में संगठन के एक प्रवक्ता ने कहा कि शर्मा अपनी मां की मौत के बाद पिछले एक साल से सक्रिय नहीं था।

अनुज ने 11 दिसंबर की रात पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी ताई सरोज शर्मा (65) सुबह मंदिर गई थी और तभी से लापता हैं। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान यह पाया गया कि उसके बयान भ्रामक थे, जिसके बाद उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। सीसीटीवी फुटेज में वह सूटकेस लेकर अपने घर से निकलते हुए नजर आया।

पुलिस ने ताया कि एक रिश्तेदार ने अनुज को घर की रसोई के पास खून के धब्बे साफ करते हुए देखा था। इसके बाद, अनुज को 13 दिसंबर को हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के दौरान, उसने अपनी ताई के सिर पर हथौड़े से वार कर उसकी हत्या करने की बात कबूल की।

पुलिस ने कहा कि सरोज शर्मा, अनुज शर्मा के पिता के बड़े भाई की पत्नी थी और 1995 में अपने पति की मौत के बाद से उसके साथ रह रही थी। अनुज शर्मा की मां का पिछले साल निधन हो गया था।

पुलिस ने कहा कि 11 दिसंबर को अनुज शर्मा के पिता इंदौर गए थे और आरोपी और पीड़िता घर में अकेले थे।अनुज दिल्ली जाना चाहता था, लेकिन महिला ने मना कर दिया। उन्होंने कहा कि इससे गरमागरम बहस हुई और उसने हथौड़े से ताई पर वार कर दिया। घटना किचन में हुई।

पुलिस ने कहा कि आरोपी शव को घसीटते हुए बाथरूम में ले गया और मार्बल कटर से उसके आठ-दस टुकड़े कर दिए। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) पेरिस देशमुख ने बताया कि आरोपी ने शरीर के अंगों को एक सूटकेस में ले लिया और दिल्ली राजमार्ग पर अलग-अलग जगहों पर दें क दिया। शरीर के अधिकांश हिस्से बरामद कर लिए गए हैं। यह घटना 27 वर्षीय श्रद्धा वालकर की कथित तौर पर दिल्ली में उसके लिव-इन पार्टनर द्वारा की गई हत्या के समान है।

## मास्क पहन कर नहीं दे सकेंगे परीक्षा

**चमोली।** उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा पुलिस आरक्षी, पीएसी, आईआरबी, अग्निशामक परीक्षा रविवार को होगी। जिला मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केन्द्रों से 200 मीटर की परिधि में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी प्रकार का हस्तक्षेप रोकने के लिए धारा-144 लागू रहने के आदेश दिए हैं। परीक्षार्थी मास्क पहन कर परीक्षा नहीं दे सकेंगे। परगना मजिस्ट्रेट दीपक सैनी ने बताया कि शनिवार सांय 5 बजे से परीक्षा तिथि के सांय 6 बजे तक परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर की परिधि के अन्तर्गत 5 या 5 से अधिक व्यक्ति एक साथ एक स्थान पर एकत्रित होने, जुलूस, झांकी, जनसभा प्रदर्शन, लाउडस्पीकर का प्रयोग, किसी भी प्रकार का शस्त्र ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा।

परीक्षा केन्द्र परिसर में सेलुलर फोन, पेजर, पाठ्य सामग्री ले जाने की अनुमति कदापि नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर की परिधि में प्रिंट एवं फोटोस्टेट की दुकानें पूर्ण रूप से बन्द रहेंगी और परीक्षा केन्द्र में किसी प्रकार का साहित्य, प्रेस नोट, पम्पलेट, पोस्टर बैनर आदि नहीं लगवाएगा और ना ही बंटवायेगा।

## अंकिता हत्याकांडः एसआईटी ने तैयार की 500 पन्नों की चार्जशीट

### बनाए 100 गवाह, अब नार्को टेस्ट पर टिकी निगाहें



**देहरादून।** अंकिता हत्याकांड के तीनों आरोपियों के खिलाफ एसआईटी ने 86 दिन की विवेचना के बाद चार्जशीट तैयार कर ली है। 500 पन्नों की चार्जशीट शनिवार को नियमानुसार अभियोजन कार्यालय भेज दी गई। इसमें 100 गवाहों के नाम और 30 से ज्यादा दस्तावेजी साक्ष्य शामिल हैं। अभियोजन कार्यालय से जांच के बाद इसे सोमवार को कोर्ट में दाखिल किया जाएगा।

एडीजी कानून व्यवस्था एवं पुलिस प्रवक्ता वी मुरुगेशन ने शनिवार को पुलिस लाइन में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों को 22 सितंबर 2022 को गिरफ्तार किया गया था। नियमानुसार पुलिस के पास चार्जशीट दाखिल करने के लिए 90 दिन का समय था। इससे पहले ही 86 दिन की विवेचना में 100 गवाहों के बयान दर्ज किए हैं। मुख्य गवाहों के मजिस्ट्रेटी बयान भी दर्ज कराए गए हैं। फोरेंसिक जांच रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, इलेक्ट्रनिक साक्ष्यों को चार्जशीट में शामिल किया गया है।

इन सबके आधार पर आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या), 201 (साक्ष्य टुपाना), 120बी (आपराधिक षड्यंत्र), 354क (टेड़खानी व लज्जा भंग) और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम में चार्जशीट तैयार की गई है। एडीजी ने बताया कि आरोपियों के नार्को टेस्ट या पलीग्राफ टेस्ट पर कोर्ट में 22 दिसंबर को सुनवाई होगी। इसके बाद सप्लीमेंट्री चार्जशीट अलग से दाखिल की जाएगी। वहीं, वीआईपी का नाम पता करने के लिए एसआईटी ने आरोपियों के नार्को टेस्ट की अनुमति भी कोर्ट से मांगी। पुलकित और सौरभ भास्कर ने तो हामी भर दी थी। लेकिन, अंकित ने दस दिन का समय मांगा।

## सतपाल महाराज ने टिहरी को दी 12.9 करोड़ की योजनाएं



**नई टिहरी।** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज नई टिहरी पहुंचकर 12 करोड़ 90 लाख की कुल 12 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद को विकास की सौगात दी। इसके साथ ही बहुद्देशीय सभागार में टिहरी बांध विस्थापित 100 पात्र परिवारों को कुल 29 करोड़ 55 लाख 33 हजार 737 रूपये के चेक वितरित किये। रोलाकोट गांव के 113 पात्र परिवारों को षि एवं आवासीय भूखण्डों के आंवटन पत्र भी वितरित किए। भ्रमण पर जिला मुख्यालय पहुंचे काबीना मंत्री सतपाल महाराज को गार्ड अफ अनर की सलामी दी गई। इसके बाद चेक वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होते हुए महाराज ने कहा कि टिहरी बांध परियोजना एशिया की सबसे बड़ी जल विद्युत परियोजना है, बांध जलाशय के कारण 109 ग्राम प्रभावित हुये हैं, जिसमें 34 ग्राम पूर्ण रूप से तथा 75 ग्राम आंशिक प्रभावित हुये हैं। परियोजना से प्रभावित पूर्ण प्रभावित लोगों को जनपद देहरादून एवं हरिद्वार के अन्तर्गत विभिन्न पुनर्वास स्थलों पर तथा शहरी पुनर्वास नई टिहरी, देहरादून एवं ऋषिकेश में नियमानुसार विस्थापित किया गया। इसके अतिरिक्त जो प्रकरण विवाद व न्यायालय में गतिमान होने के कारण पुनर्वास से रह गये हैं, उनका न्यायालयो में विवाद निस्तारण के पश्चात् पुनर्वास की कार्यवाही की जायेगी। पुनर्वास विभाग के पास पुनर्वास के लिए भूमि का अभाव होने के कारण हमारी सरकार ने भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री को मेरे स्वंय द्वारा प्रभावित व्यक्तियों की पुनर्वास समस्या के निदान के लिए प्रस्ताव रखा गया।

### गृह मंत्री की अध्यक्षता में कोलकाता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की हुई बैठक

# सीमा पार अपराधों की जांच पर जोर




**कोलकाता, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को इस बात पर जोर दिया कि सीमा पार अपराधों की जांच के लिए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा वाले राज्यों की भी समान जिम्मेदारी है। उन्होंने कोलकाता में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह टिप्पणी की।

राज्य सचिवालय नवान्न के सूत्रों ने कहा कि शाह ने कुछ राज्य सरकारों के इस तर्क को मानने से इनकार कर दिया कि बीएसएफ की लापरवाही के कारण अवैध घुसपैठ और तस्करी जैसे अपराध हो रहे हैं। उन्होंने बैठक में कहा कि संबंधित राज्य सरकारों की भी सीमा पार अपराधों की जांच करने की समान जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि बीएसएफ के साथ राज्य सहयोग करें ताकि वह और अधिक सक्रिय हो सकें।

राज्य सचिवालय सभागार में आयोजित इस बैठक में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अलावा झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाग लिया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक बैठक में शामिल नहीं हुए। ओडिशा से दो मंत्री बैठक में शामिल हुए। जबकि बिहार से नीतीश की जगह उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने बैठक में भाग लिया। बैठक में केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला समेत केंद्र और संबंधित राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक में सीमा सुरक्षा समेत संबंधित राज्यों के हितों व समस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि केंद्र आंतरिक सुरक्षा के मामले को सरकार गंभीरता से ले रही है। इस बिंदु पर उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों के बीच एक सहज समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि पिछले शासन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर कुछ खामियां थीं, जिन्हें वर्तमान केंद्र सरकार हल करने की कोशिश कर रही है।

बैठक में उठाया गया एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा रेलवे भूमि का अतिक्रमण था। रेलवे बोर्ड के सदस्य (कार्य) बृजेश कुमार ने इस मुद्दे को उठाया और रेलवे भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए संबंधित राज्य सरकार से सहयोग मांगा। हालांकि, राज्य सचिवालय के सूत्रों ने कहा कि जब शाह ने राज्य सरकार पर इसपर कार्रवाई करने पर जोर दिया, तो ममता बनर्जी ने जोर देकर कहा कि भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना उचित मुआवजे और पुनर्वास के बिना संभव नहीं होगा।

पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के बाद शाह ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ उनके चेंबर में अलग से भी बैठक की। सूत्रों के अनुसार, ममता के आमंत्रण पर शाह राज्य सचिवालय के 14वें तले पर स्थित मुख्यमंत्री के चेंबर में पहुंचे और बंद कमरे में दोनों के बीच करीब 20 मिनट तक बैठक चलीं। इसके बाद दोपहर 230 बजे शाह कोलकाता एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए। सूत्रों का कहना है कि ममता के साथ अलग से बैठक में शाह ने सीमा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। बता दें कि ममता विभिन्न मुद्दों पर केंद्र के खिलाफ लगातार आक्रामक रही है। इन सबके बीच दोनों के बीच अलग से इस बैठक को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

हालांकि दोनों के बीच इस बैठक पर बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष व भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि इसका राजनीतिक मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए। सुवेंदु ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गृह मंत्री शाह ने एयरपोर्ट जाने के रास्ते में उन्हें बताया कि ममता के साथ अलग से बैठक में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ को सुरक्षा चौकी बनाने के मुद्दे पर चर्चा हुई। शाह ने उन्हें बताया कि बीएसएफ को 72 सीमा चौकी बनाने के लिए राज्य सरकार जमीन नहीं दे रही है। इसमें उन्होंने सहयोग की अपील की।

इधर, पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के दौरान ममता व बीएसएफ अधिकारियों के बीच बहस होने की भी खबर है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षा का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीएसएफ की ओर से सहयोग नहीं मिल रहा है। जिसके बाद बीएसएफ अधिकारियों के साथ बहस हो गई। बैठक में बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) पंकज कुमार सिंह भी मौजूद थे। बता दें कि इससे पहले ममता ने बीएसएफ के दायरे को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने का भी पुरजोर विरोध किया था।

# राज्य के समग्र विकास के लिए सभी की सहभागिता महत्वपूर्ण : सीएम

जयन्त प्रतिनिधि

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड, देहरादून में उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा आयोजित अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्वयं भी बैडमिंटन खेल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। यह बैडमिंटन प्रतियोगिता 17 से 19 दिसम्बर

### सीएम ने अन्तर्विभागीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

2022 तक चलेगी। जिसमें प्रदेश की 25 टीमें भाग ले रही हैं। ख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के पास प्रकृति प्रदत्त सब कुछ है। उत्तराखण्ड की प्रकृति सौन्दर्य सबको आकर्षित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के सही उपयोग से हमें उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाना है। राज्य के समग्र विकास के लिए सभी की सहभागिता अति महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा शानदार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार की प्रतियोगिता से कार्मिकों को साथ खेलने एवं एक दूसरे को समझने का मौका मिलता है। विभिन्न विभागों के बीच में होने वाली इस बैडमिंटन प्रतियोगिता से विभागों में आपस में समन्वय बढ़ेगा। विभागीय कार्यों के साथ खेल को भी बढ़ावा देने का यह सराहनीय प्रयास है। खेल भावना अपने कार्यों के प्रति अनुशासन के लिए भी प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत के खिलाड़ी वैश्विक स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य की नई खेल नीति में खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा देने के प्रयास किये गये हैं। इस अवसर पर मेयर सुनील उयिाल गामा, बैडमिंटन खिलाड़ी श्रीमती पुनीता नागलिया, उत्तराखंड सचिवालय बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष पन्ना लाल शुक्ला, उपाध्यक्ष महावीर सिंह चौहान, महासचिव प्रमोद कुमार, उप निदेश-ाक खेल धर्मेन्द्र भट्ट, जिला त्रीडा अधिकारी श्रीमती शबाली गुरुंग, जेपी मैखुरी,सचिवालय बैडमिंटन संघ के अन्य पदाधिकारी एवं विभिन्न विभागों के खिलाड़ी उपस्थित थे।



परेड ग्राउंड, देहरादून में बैडमिंटन प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी।

## बिहार : बक्सर निकाय चुनाव में गड़बड़ी की आशंका से अलर्ट, बूथ लुटेरों को देखते ही गोली मारने के निर्देश

**बक्सर, एजेंसी।** नगर निकाय चुनाव में मतदान के दौरान सख्त पुलिसिया व्यवस्था का इंतजाम किया गया है। ताकि, कहीं कोई गड़बड़ी नहीं कर सके। इस दौरान जर्रे-जर्रे पर पुलिस की पैनी निगाह रहेगी। बूथ लुटेरों को तो देखते ही गोली मारने के निर्देश दिए गए हैं। सदर एसडीओ धीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पूरे नगर परिषद क्षेत्र में धारा 144 लागू है। ऐसे में अगर एक स्थान पर पांच या उससे अधिक लोगों की भीड़ दिखी तो खैर नहीं है। ऐसे में संबंधित लोगों पर कार्रवाई हो सकती है।बूथ के सौ मीटर के अंदर किसी प्रत्याशी का कोई कार्यालय नहीं होगा। एसडीओ ने बताया कि इस बाबत स्पष्ट निर्देश पहले ही सभी प्रत्याशियों को दे दिया गया है। अगर इसका उल्लंघन करते पाया जाता है, तो संबंधित उम्मीदवार पर कार्रवाई की जाएगी।

## गुजरात दंगा : दोषियों की रिहाई मामले में बिलकिस बानो को सुप्रीम कोर्ट से झटका

नई दिल्ली ,गुजरात में 2002 में गोधरा कांड के बाद हुए दंगों की पीडिघ्ता बिलकिस बानो के दोषियों की समय से पहले रिहाई के खिलाफ दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

मई 2022 में जस्टिस अजय रस्तोगी ने एक दोषी की याचिका पर आदेश दिया था कि गुजरात सरकार 1992 की रिहाई की नीति के तहत बिलकिस बानो मामले में दोषियों की रिहाई पर विचार कर सकती है। हालांकि बिलकिस बानो ने अपनी याचिका में कहा है कि इस मामले का पूरा ट्रायल महाराष्ट्र में चला है और वहां की रिहाई नीति के तहत ऐसे घृणित अपराधों में 28 साल से पहले रिहाई नही हो सकती है।

जानकारी के लिए बता दें कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया था कि जिस राज्य में अपराध होगा, उसी राज्य में दोषी की आवेदन पर विचार किया जा सकता है। अब क्योंकि बिलकिस बानो वाला मामला गुजरात का था, लिहाजा इस मामले में दोषियों को अपनी सजा कम करवानी थी, तो गुजरात सरकार से अपील करनी थी। सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बाद ही रीमिशन पलिसी को ध्यान में रखते हुए गुजरात सरकार ने बिलकिस बानो वाले मामले में सभी दोषियों के लिए रिहाई का फैसला सुना दिया।

बता दें कि इसी 15 अगस्त को गुजरात सरकार ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे सभी ग्यारह दोषियों को माफी देते हुए रिहा कर दिया था। इस मामले पर कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल और सिविल सोसायटी के संगठनों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी और गुजरात सरकार की जोरदार निंदा की थी।

# पदाधिकारियों एवं शिक्षिकाओं के प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम से भेंट



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में महादेवी कन्या पाठशाला कालेज सोसाइटी के तत्वाधान में संस्था के अन्तर्गत संचालित समस्त संस्थाओं की प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों एवं शिक्षिकाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। उन्होंने उत्तराखंड की सरकारी नौकरियों में राज्य की महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक उत्तराखंड विधानसभा से पारित करवाने के लिए अभिनंदन पत्र सौंप कर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। महादेवी कन्या पाठ-शाला कालेज के सचिव जितेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने राज्य में सरकारी नौकरियों को 30 प्रतिशत आरक्षण देकर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इससे महिला सशक्तीकरण एवं महिला उत्थान का भी मार्ग प्रशस्त हुआ है।

इस अवसर पर महादेवी कन्या पाठशाला कालेज के प्रतिनिधिमण्डल में शासक सभा के सदस्य व पूर्व राज्य आंदोलनकारी रवीन्द्र जुगरान, प्रबन्ध समिति के पदाधिकारी प्रवीण कुमार जैन, शोभित मांगलिक, कुलदीप नेगी, महादेवी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालाजी की उपनिदेशिक गीता चौहान, विभागाध्यक्षा डा. भावना सिंधवानी, वन्दना चौधरी, सुमित कौर शक्ति सिंह बड़वाल, सुषमा गोयल, वरिष्ठ प्रवक्ता डा० सीमा रस्तोगी सम्मिलित थे।

## सहायक निबंधक ने सहकारी समितियों का निरीक्षण किया

विकासनगर। जिला सहायक निबंधक अधिकारी ने शनिवार को चकराता ब्लॉक के दुर्गम क्षेत्रों की सहकारी समितियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। चकराता ब्लॉक के दौरे पर आए जिला सहायक निबंधक वीरभान सिंह ने त्यूणी, केराड़, भंद्रौली, बिनसौन, जाड़ी सहकारी समितियों का निरीक्षण किया।

उन्होंने समिति के सचिवों को सहकारिता से अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए। कहा कि सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को कई योजनाओं का लाभ मिलता है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय राज्य समेकित सहकारी विकास परियोजना के अंतर्गत बेमौसमी सब्जी, फल उत्पादन के लिए खाद, बीज की सुविधा मुहैया कराई जा रही है।

# मसूरी विंटरलाईन कार्निवाल की तैयारियां जोरों पर, सीएम धामी करेंगे उद्धाटन



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन में मसूरी विंटरलाईन कार्निवाल की तैयारियां जोरों पर है। उप जिलाधिकारी मसूरी शैलेंद्र सिंह नेगी ने अवगत कराया है कि विंटरलाइन कार्निवाल को लेकर बड़े स्तर पर तैयारी की जा रही है। मसूरी विंटरलाइन कार्निवल का 26 दिसम्बर 2022 को माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी द्वारा किया जाएगा। कार्निवाल 26 दिसम्बर से 30 दिसंबर 2022 तक चलेगा। इस बार मसूरी विंटर कार्निवल को भव्य बनाने के लिए में कई खास कार्यक्रमों को जगह दी गई है जिससे उत्तराखंड का पर्यटन का विकास तेजी से हो। उप जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी ने बताया कि इस बार कार्निवाल में डे एंड नाइट अलग–अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक गीत और कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्निवाल में उत्तराखंड की स्थानीय कला और संस्कृति को लेकर खास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। कार्निवाल में नेपाली और गोरखा समाज के लोगो के द्वारा भी विशेष कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्निवाल में उत्तराखंड के मशहूर लोक गायक पद्मश्री प्रीतम भरतवाण, नरेंद्र सिंह नेगी, मीना राणा, रेशमा शाह सहित कई कलाकार प्रस्तुति दे रहे है। वह मशहूर गायिका शिकायना मुखिया भी अपने गीतों के सुरों को बिखेरेगी। वह बॉलीवुड के कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। 26 दिसंबर सर्वे ग्राउंड लंढौर से दोपहर एक बजे शोभायात्रा शुरू होकर चार बजे लाइब्रेरी चैक पर समापन होगी। कार्निवाल में अभिनेता टॉम आल्टर की स्मृति में 21 किमी हाफ मैराथन, पर्यटकों के लिए नेचर वॉक, बर्ड वाचिंग, स्केटिंग, जूडो–कराटे, बच्चों के लिए गेम्स, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, 200 साल पुराने इतिहास की फोटो प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन होंगे। वही इस बार उत्तराखंड की संस्कृति पर आधारित फैसन शो मुख्य आकर्शण का केन्द्र रहेगा।



## सीएम धामी ने किया अंबेडकर स्टेडियम में देश के अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ियों के साथ मॉर्निंग वॉक

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अंबेडकर स्टेडियम, देहरादून में देश के अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ियों के साथ प्रातः काल भ्रमण किया। इस अवसर पर वाई सुब्बा राव, विनोद नेगी, मनदीप सिंह, देवेन्द्र बिष्ट समेत सभी खिलाड़ियों से खेल और खिलाड़ियों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की तथा सरकार द्वारा हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबू शर्मा टी स्टॉल पर चाय के साथ ही स्थानीय लोगों से मिलकर सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर उनका फीडबैक भी लिया।

## छात्र संघ चुनाव के लिए अधिसूचना जारी, बैनर, पोस्टर लगाने पर रोक

विकासनगर। पछुवादून, जौनसार बावर के राजकीय महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव के लिए शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी गई। इसके साथ महाविद्यालय प्रशासन चुनाव की तैयारियों में जुट गए। वही, महाविद्यालय परिसरों में चुनाव प्रचार संबंधी बैनर, पोस्टर लगाने पर रोक लगा दी गई है।

कॉलेजों में इन पदों पर होंगे चुनावः वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर, श्री गुलाब सिंह राजकीय महाविद्यालय चकराता और पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी में शनिवार दोपहर बाद तीन बजे छात्र संघ चुनाव के लिए अधिसूचना जारी की गई। सभी महाविद्यालयों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि, कार्यकारिणी सदस्य के पद पर चुनाव कराए जाएंगे।

इस तरह तय किए गए हैं चुनाव कार्यक्रमः 19 दिसंबर से नामांकन पत्रों की बिक्री की जाएगी। 20 दिसंबर को सुबह 11 बजे से तीन बजे तक नामांकन, 21 दिसंबर को दोपहर एक बजे तक नाम वापसी और एक बजे के बाद नामांकन पत्रों की जाचं की जाएगी।

# रूद्रप्रयाग में फूंका पाक विदेश मंत्री का पुतला




रुद्रप्रयाग : पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा न्यूयॉर्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता गुस्से में हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को रुद्रप्रयाग में जोरदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्री का पुतला फूंका। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर सिंह पंवार के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता मुख्य बाजार में एकत्रित हुए। यहां आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के खिलाफ नारेबाजी की और बाद में उनका पुतला दहन किया। भाजपाइयों ने कहा कि पाकिस्तान को अपनी हैसियत में रहना चाहिए, जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में भारत के विदेश मंत्री ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री को आतंकवाद के मुद्दे पर जमकर फटकार लगाई, उससे बौखला कर बिलावल भुट्टो ने भारत के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री के खिलाफ न्यूयॉर्क में मीडिया के सामने अभद्र टिप्पणी की। उनकी इस टिप्पणी का पूरा देश विरोध कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में एक ओर खाने के लाले हैं और आतंकवाद का अड्डा बन चुका है, उस देश के विदेश मंत्री का भारत के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री पर टिप्पणी करना हास्यस्पद है। भाजपा के जिलाध्यक्ष महावीर पंवार व रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री की इस वयान की सभी घोर निंदा कर रहे हैं। उनकी कोई हैसियत नहीं कि भारत के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करे। पाकिस्तान को इस अभद्र टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश उनियाल, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय कप्रवान, जिला महामंत्री भारत भूषण भट्ट, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र जोशी, पूर्व जिला महामंत्री विक्रम कंडारी, अजय सेमवाल, जिला कार्यालय मंत्री सुनील नौटियाल ,भाजयुमो जिला अध्यक्ष विकास विकास डिमरी, जिला कोषाध्यक्ष कुलबीर रावत, जिला मीडिया प्रभारी सतेन्द्र बर्त्वाल, बुद्धि बल्लभ थपलियाल, दरम्यान जखवाल, मोहन बिष्ट, हरि सिंह बिष्ट, विशाल बिष्ट, दिनेश बिष्ट, राजेंद्र लाल, भूपेंद्र बिष्ट, रितेश पांडे, राहुल मिंगवाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## एक नजर

### दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्र में संभावित हादसों की रोकथाम के लिए परिवहन विभाग और प्रशासन ने पहल की है। शनिवार को विभागीय टीम ने संयुक्त रूप से एक दर्जन से अधिक दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। चिह्नित स्थानों पर जल्द हादसे रोकने के लिए जरूरी उपाय किए जाएंगे। शनिवार को उपसंभागीय परिवहन कार्यालय ऋषिकेश के अंतर्गत दुर्घटना प्रभावित दून मार्ग पर सात मोड़, काली मंदिर, आरटीओ ऑफिस कार्यालय, हरिद्वार रोड पर भारद्वाज क्लिनिक और कालेकीढाल आदि का निरीक्षण किया गया। पीडब्ल्यूडी एवं एनएच अधिकारियों सहित आरटीओ ऋषिकेश एवं परिवहन कर अधिकारी ऋषिकेश निरीक्षण में शामिल रहे। एनएचएआई मार्ग (मोतीचूर फ्लाईओवर से मियांवाला तक) के दुर्घटना प्रभावित मोतीचूर फ्लाईओवर, खांडगांव पुलिया, सत्यनारायण मंदिर, छिद्दरवाला, पीएनबी बैंक लालतप्पड़, कुआंवाला वन बीट, मियांवाला, हर्रावाला, फतेहपुर चौक आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण उपरांत उक्त स्थानों पर सड़क सुरक्षा संबंधी स्पीड लिमिट बोर्ड, सेवरान बोर्ड, रंबल स्ट्रिप पैराफिट, सोल्डर्स आदि लगाए जाने के लिए निर्देशित किया गया। समुचित स्थानों पर फ्लैशिंग एम्बर लाइट लगाए जाने की बात हुई।

### सही भोजन से ही मिलता है स्वस्थ जीवन

ऋषिकेश। त्रिवेणी घाट पर शनिवार को सही भोजन बेहतर जीवन विषय पर ब्लॉकस्तरीय अंतर वैयक्तिक संप्रेषण कार्यशाला हुई। इसमें वक्ताओं ने स्वस्थ जीवन जीने के लिए संतुलित भोजन को जरूरी बताया। कार्यशाला का शुभारंभ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने किया। उन्होंने कहा कि बच्चों का भोजन अच्छा होगा, तो जीवन स्वस्थ एवं बेहतर होगा। श्रीदेव सुमन विवि ऋषिकेश परिसर के प्रोफेसर डॉ. गौरव वार्ष्णेय ने कहा कि बेहतर जीवन के लिए अपने भोजन में अनाज, दाल, हरी, सब्जियां, फल आदि सभी कुछ लेना चाहिए।

# राज्यपाल ने किया राजभवन में ट्यूलिप बल्ब का रोपण



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में अत्यंत आकर्षक एवं कोमल पुष्प ट्यूलिप बल्ब का रोपण किया। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष राजभवन में ट्यूलिप की 7 प्रजातियों के 4000 बल्ब्स रोपित किए गये थे। इस वर्ष राजभवन में ट्यूलिप की 13 प्रजातियों के 4500 बल्ब्स रोपित किए जा रहे हैं। यह बल्ब वसंतोत्सव 2023 तक पुष्पावस्था में रहेंगे। वसंतोत्सव के दौरान ट्यूलिप बल्ब का खास आकर्षण ब्लैक और पर्पल रहेगा। प्रदेश में ट्यूलिप बल्ब प्रयोग के तौर पर प्रथम बार दो प्रजाति के 200 बल्ब्स रोपित किये गये गए जो राजभवन में उगाए गए, जिसके परिणाम उत्साहवर्धक रहे। उसके उपरांत नित्य नईं प्रजातियों का रोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि प्रथम बार राजभवन परिसर में ट्यूलिप का रोपण वर्ष 2015 में तत्कालीन राज्यपाल द्वारा किया गया था। उस समय एक प्रयोग के तौर पर मात्र 200 बल्ब का रोपण किया गया, जिसका परिणाम उत्साहवर्धक रहा। इसके उपरांत नित्य वर्ष 2016 में 2017 में 500–500 तथा वर्ष 2018 में 2000 बल्ब का रोपण किया गया।



## सीएम ने किया ट्यूलिप की 13 प्रजातियों का रोपण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में ट्यूलिप की 13 प्रजातियों का रोपण किया गया। जिसमें बैंगनी एवं काले रंग के ट्यूलिप की प्रजाति भी शामिल है। पिछले साल मुख्यमंत्री आवास परिसर में ट्यूलिप की 07 प्रजातियों का रोपण किया गया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित से मौन पालन की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि मौनपालन को और अधिक बढ़ावा दिया जाए। उद्यान प्रभारी दीपक पुरोहित ने जानकारी दी कि पिथौरागढ़ में वर्ष 2017 में बनाये गये ट्यूलिप गार्डन बनाया गया, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। इस बार मुख्यमंत्री आवास परिसर में अलग से पुष्प वाटिका बनाई जा रही है।

## विधानसभा सत्र में भू–कानून हेतु विधेयक नहीं आने पर जताई नाराजगी

देहरादून। उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी संघ ने भू–कानून की मांग को लेकर डीएम के माध्यम से सीएम और राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। इस विधानसभा सत्र में विधेयक सदन के पटल पर नहीं रखने पर नाराजगी जताई। ज्ञापन के जरिये बताया कि प्रदेश सरकार की गठित समिति की सिफारिशों के आधार पर भू–कानून को विधानसभा में पारित कराया जाए। सरकार भू–कानून को लेकर गंभीरता दिखाए। उत्तराखंड में सख्त भू–कानून, बंदोबस्ती व्यवस्था और भूमि चकबंदी से सामाजिक सुरक्षा का घेरा मजबूत बनाया जा जाए। पर्वतीय जिलों में उद्योग संचालित नहीं हो रहे हैं। राज्य के संसाधनों पर दूसरे राज्यों के लोगों का हस्तक्षेप और प्रभाव बढ़ रहा है। इससे उत्तराखंड की विशिष्ट पहचान, संस्कृति, भाषा, रहन–सहन पर असर पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में संस्थापक एवं संरक्षक मनोज ध्यानी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशानौटियाल, देहरादून बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मदन सिंह रावत, कमला कंडारी, रेखा नेगी, ऊषा रावत आदि शामिल थे।

ये मांगें उठाई

–पहाड़ों में भूमि खरीद की अधिकतम सीमा समाप्त करने वाले संशोधन के बिंदुओं को खारिज किया जाए।

–पूर्वोत्तर के हिमालयी राज्यों की तरह संस्कृति, बोली–भाषा के आधार पर उत्तराखंड को विशेष अधिकार मिलें।

–हिमालय की तर्ज पर भू–कानून लागू हो।

## नकरौंदा में सीवरेंज ट्रीटमेंट प्लांट का यूकेडी ने किया विरोध

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल ने नकरौंदा में बन रहे एसटीपी प्लांट को शिफ्ट नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। पार्टी ने कहा कि किसी भी कीमत पर सीवरेज प्लांट नहीं बनने दिया जाएगा। पार्टी मुख्यालय में शनिवार को हुई प्रेस वार्ता में मीडिया प्रभारी शिवप्रसाद सेमवाल ने कहा है कि सीवरेंज प्लांट के विरोध में आंदोलन को पचास दिन हो गए हैं, लेकिन सरकार नेआंदोलनकारियों से वार्ता तक नहीं की। जबरदस्ती सीवरेज प्लांट को जनता के ऊपर थोपा जा रहा है। एसटीपी संघर्ष समिति के आंदोलनकारी रोहित पांडे ने कहा है किसी सूरत मे नकरौंदा में सीवरेज प्लांट नहीं बनने देंगे।

# सीएम ने जन शिकायतों और समस्याओं को सुना



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आए लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना और मौके पर ही अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता दर्शन कार्यक्रम में प्राप्त सभी जन शिकायतों की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय से की जाएगी। अधिकारी पूरी गंभीरता से सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता से करें। मुख्यमंत्री ने एक–एक कर सभी की शिकायतों को पूरी गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं और शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी शिकायतें प्राप्त हुई हैं, उन्हें यथाशीघ्र संबंधित विभागों को भेजा जाए।

# सर्दी में कई गुना बढ़ जाता है ब्रैन हैमरेज का खतरा

ऋषिकेश। सर्दी में ब्रेन हेमरेज स्ट्रोक का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। इसका मुख्य कारण ठंड में रक्त नलिकाओं के सिकुडने के साथ–साथ रक्त का गाढ़ा होना और हाई ब्लड प्रेशर होना भी है। हिमालयन हॉस्पिटल जौलीग्रांट के न्यूरो सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. रंजीत कुमार के अनुसार ब्रेन स्ट्रोक कई प्रकार का होता है। इसमें एक स्ट्रोक रक्त वाहिकाओं में थक्का जमने पर होता है। इसे इस्केमिक स्ट्रोक कहते हैं। यह दो तरह का होता है, थांब्रोटिक व इंबोलिक। इसके अतिरिक्त दूसरा हेमेरेजिक स्ट्रोक होता है, जोकि रक्तवाहिका के क्षतिग्रस्त होने से होता है। ठंड के दिनों में हेमेरेजिक स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इसमें ठंड लगने से रक्तवाहिका सिकुड़ जाती हैं। ऐसे में ब्लड प्रेशर हाई हो जाता है। लिहाजा, ब्रेन में रक्त वाहिकाएणं क्षति हो जाती हैं। ऐसे में ठंड से बचना चाहिए और ब्लड प्रेशर के मरीज को नियमित रूप से दवा लेते रहना चाहिए। उच्चरक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग या उच्च कोलस्ट्राल से पीड़ित रोगी को स्ट्रोक होने का खतरा अधिक होता है। कम उम्र के लोगों में हाई ब्लड प्रेशर के अलावा मुख्य कारण धमनी में एन्यूरिजन की बीमारी होती है, इसके फटने के कारण ब्रेन हेमरेज होता है।स्ट्रोक के लक्षणः डॉ. रंजीत कुमार ने बताया कि शरीर के एक ही तरफ के हाथ या पैर में सुन्नपन, झनझनाहट होना, कमजोरी महसूस होना, अचानक लडखड़ाना, चक्कर आना, बोलने या समझने में मुश्किल, धीरे या अस्पष्ट बोलना, एक या दोनों आंखों से देखने में कठिनाई, तेज सिरदर्द होना, बेहोशी, होंठ और आंख एक तरफ लटक जाए तो यह स्ट्रोक के लक्षण हैं।

## अधिकारियों ने बिजली संबंधित समस्याएं सुनीं

ऋषिकेश। उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन ने विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं। शिविर में कुल 22 लोगों ने समस्याएं दर्ज करवा-ई। इनमें से 10 का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। शनिवार को रायवाला के कोल घाटी में यूपीसीएल की ओर से उपभोक्ताओं के लिए शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया गया। इसमें न्यायिक सदस्य त्रिभुवन सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने लोगों की बिजली संबंधित समस्याएं सुनीं।

# शिक्षकों ने की वेतनवृद्धि की वसूली पर रोक लगाने की मांग

विकासनगर। राजकीय शिक्षक संघ ने शिक्षकों से वेतनवृद्धि की वसूली करने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। इसके साथ ही कई अन्य लंबित समस्याओं का समाधान नहीं होने पर शिक्षकों ने नाराजगी जताई। शनिवार को राजकीय इंटर कॉलेज सोरना–डोभरी में संपन्न हुई राजकीय शिक्षक संघ की बैठक में शिक्षकों के तल्ख तेवर देखने को मिले। संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुधीरकांति ने कहा कि चयन और प्रोन्नत वेतनमान पर एक वेतन वृद्धि दी जानी चाहिए। जिन शिक्षकों को यह वेतनवृद्धि मिली है, उनसे वसूली नहीं की जानी चाहिए। कहा कि विभाग ने पहले वेतनवृद्धि लागू की अब वसूली के तौर पर भारी भरकम राशि वापस ली जा रही है, जिससे कई शिक्षकों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की भविष्य निधि का अंशदान इस वसूली से समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लंबे समय से एलटी से प्रवक्ता और प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति की प्रक्रिया अटकी हुई है। जिससे कई शिक्षक तीस साल से अधिक की सेवा के बाद एक ही पद पर रहते हुए सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ब्लॉक महामंत्री चंडी प्रसाद नौटियाल ने कहा कि पारस्परिक स्थानांतरण सूची जारी करने में विभागीय अधिकारी लेटलतीफी कर रहा है, जिसका खामियाजा शिक्षकों को भुगतना पड़ रहा है। कई विद्यालयों में शिक्षकों और प्रधानाध्यापकों के पद रिक्त पड़े हुए हैं, जिससे शिक्षण और प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लिपिकीय संवर्ग के पद रिक्त होने के कारण शिक्षकों को ही कार्यालय संबंधी कार्यों का निर्वहन करना पड़ रहा है।

# बदहाल पड़ा डिग्री कॉलेज-मवाकोट मार्ग, नहीं ली जा रही सुध

**◆मार्ग पर बने गड्ढों में टूट रही दोपहिया वाहन चालकों की कमर ◆ शिकायत के बाद भी लापरवाही बना हुआ है सरकारी सिस्टम**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** डिग्री कालेज–मवाकोट मोटर मार्ग पर बने गड्ढे आमजन की कमर तोड़ रहे हैं। शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग सड़क मरम्मत की सुध लेने को तैयार नहीं है। जबकि, जर्जर हालत में पड़े उक्त मार्ग पर कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं।

डिग्री कालेज–मवाकोट मार्ग पर हर रोज सैकड़ों लोग आवाजाही करते हैं। लेकिन, वर्षों से उक्त मार्ग बदहाल स्थिति में पड़ा हुआ है। सड़क पर बने गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों को चोटिल कर रहे हैं। शिवपुर निवासी धीरेंद्र भंडारी, महेश कुमार ने बताया कि मार्ग पर पग–पग पर गड्ढे दिखाई दे रहे हैं।



कोटद्वार में बदहाल पड़ा डिग्री कालेज—मवाकोट मार्ग

सबसे अधिक दुर्घटनाएं रात के समय हो रही है। दरअसल, रात के अंधेरे में मार्ग पर बने गड्ढे दिखाई नहीं देते। दो दिन पूर्व महाविद्यालय में पढ़ने वाला स्कूटी सवार एक युवक गड्ढे की चपेट में आने से चोटिल हो गया था। मार्ग से गुजरने वाले जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को भी इसकी स्थिति दिखाई नहीं देती।

बताया कि पूर्व में नगर निगम व लोकनिर्माण विभाग ने बरसात समाप्त होने के बाद मार्ग मरम्मत का आश्वासन दिया था।

लेकिन, अब तक इसकी सुध नहीं ली गई। स्थानीय लोगों ने जन हित को देखते हुए जल्द मार्ग मरम्मत करवाने की मांग उठाई है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

**पालीथिन व स्वच्छता के प्रति आमजन को किया जागरूक**



सतपुली में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को जागरूक करते कलाकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार/सतपुलीः** आर्यन सागर ग्रुप की ओर से आमजन को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पालीथिन व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने स्वच्छता व पालीथिन का उपयोग न करने का संकल्प लिया।

नगर पंचायत सतपुली में अभिनंदन फेसलिटी सर्विस कोटद्वार के सोजन्य से आर्यन सागर ग्रुप कोटद्वार की ओर से अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर पंचायत सतपुली के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भी आमजन को सिंगल यूज़ प्लास्टिक व गंदगी न फैलाने के लिए जागरूक किया। कहा कि सतपुली को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए आमजन को भी सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर रत्नेश बौंठियाल, आसुतोष नोटियाल, संदेश, हर्षवर्द्धन गौड़, हरेंद्र, ऋतिक, दौलत, आशीष केष्टवाल, विजय शर्मा, ऋतु ध्यानी, विनोद शास्त्री, रोनिका नेगी आदि मौजूद रहे।

# स्वयं सेवियों ने की जल स्रोत व नदियों की सफाई

**इंटरमीडिएट कालेज परसुंडाखाल में चलाया गया अभियान**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** स्पर्श गंगा अभियान के तहत इंटरमीडिए कालेज परसुंडाखाल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयं सेवियों ने गांव के आसपास जल स्त्रोतों की साफ–सफाई की। साथ ही ग्रामीणों को भी सफाई के प्रति जागरूक किया गया।



इंटरमीडिएट कालेज परसुंडाखाल में स्वच्छता अभियान चलाते स्वयं सेवी

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डा. एमएम नौडियाल व शिक्षिक कुसुमलता नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने कहा कि समाज को स्वच्छ व स्वस्थ्य बनाने के लिए हमें साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए। एनएसएस कर्यक्रम अधिकारी सुरजी नेगी ने कहा कि ग्रामीणों को प्रत्येक सप्ताह अपने जल स्त्रोतों की साफ–सफाई करनी चाहिए।

अभियान के दौरान स्वयं सेवियों ने स्त्रोतों के साथ ही नदियों की भी साफ–सफाई करवाई गई। इस मौके पर एनएसएस की पूर्व कार्यक्रम अधिकारी अंजू देवी, अनीता रावत, लक्ष्मण रावत, शैलेंद्र गुसाईं, गौरव नेगी, रेखा देवी, पूनम लता, द्वारिका प्रसाद भट्ट, विनोद नेगी, वीरेंद्र नेगी, वंदना नौटियाल आदि मौजूद रहे।

## गोला फेंक में अनूप ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिला स्तरीय खेल महाकुंभ के तहत शनिवार को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। शनिवार को कंडोलिया व रांसी मैदान में आयोजित प्रतियोगिता के गोला फेंक अंडर-14 बालक वर्ग में अनूप रावत पहले, सक्षम बिष्ट दूसरे व प्रसिद्ध रावत तीसरे स्थान पर रहे।

अंडर-17 बालक वर्ग के भाला फेंक में प्रतीक रावत ने पहला, शिवांग रावत ने दूसरा व ऋषभ ने तीसरा स्थान पाया। अंडर-17 बालक वर्ग चक्का फेंक में लकक्की चंद पहले, अरुण दूसरे व आलोक तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-17 बालक वर्ग के ऊंची कूद में प्रतीक पहले, राहुल दूसरे व आकाश तीसरे, अंडर-14 लंबी कूद बालक वर्ग में रिति, आदित्य व मनीष क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। अंडर -21 के 400 मी. दौड़ बालक वर्ग आसिफ ने पहला, राहुल ने दूसरा व अंकित ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-17 के 1500 मी. दौड़ में विवेक पहले, रोहन दूसरे व प्रवेंद्र तीसरे स्थान पर रहे।

# दुकानों के बाहर खड़े वाहनों का चालान करने पर भड़के व्यापारी

**गोखले मार्ग पर सामान खरीदने पहुंचे ग्राहकों के वाहनों के किए चालान**

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार ।** गोखले मार्ग में सामान खरीदने के लिए पहुंच रहे ग्राहकों के वाहनों के चालान करने पर व्यापारी भड़क उठे। उन्होंने पुलिस पर आमजनता के शोषण का आरोप लगाया। कहा कि पुलिस गोखले मार्ग खाली करवाने के नाम पर जनता का शोषण कर रही है।

पुलिस की ओर से गोखले मार्ग को पहाड़ से आने वाले वाहनों के लिए वन–वे बनाया गया है।

ऐसे में पुलिस लगातार मार्ग को रेहड़ी–ठेली वालों से खाली करवाने के प्रयास में जुटी हुई है। इसके लिए बकायदा मार्ग पर पीएसी भी तैनात की गई है। शनिवार को मार्ग पर पहुंची पुलिस ने दुकानों के बाहर वाहन खड़ा कर सामान खरीदने के लिए आए व्यपारियों के वाहनों के चालान कर दिए। ऐसे में गोखले मार्ग के व्यापारी भड़क उठे। व्यापारी संजय मित्तल ने बताया कि पुलिस व प्रशासन अतिक्रमण हटाने के नाम पर व्यापारियों व आमजनता का शोषण कर रही है। सड़क किनारे सफेद पट्टी के अंदर खड़े वाहनों के भी चालान किए जा रहे हैं।



पुलिस की ओर से की जा रही चालान की कार्रवाई का विरोध करते व्यापारी

आमजनता का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अतिक्रमण के नाम पर पुलिस व प्रशासन को केवल गोखले मार्ग ही नजर आ रहा है।

# भाजपा ने फूंका पाकिस्तान का पुतला

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई टिप्पणी पर जताया रोष**

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलवल भुट्टो की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर की गई टिप्पणी पर भारतीय जनता पार्टी ने रोष व्यक्त किया है। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला दहन किया। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी व वीर चंद्र सिंह गढ़वाली भाबर मंडल कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला दहन किया।



हल्दुखाता में पाकिस्तान का पुतला दहन करते भाजपा कांग्रेसी।

भाजपा जिलाध्यक्ष कोटद्वार बीरेंद्र रावत जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत की पहचान एक सशक्त राष्ट्र के रूप में बनी है, जो हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान को हजम नही हो पा रही है। पाकिस्तान और अराजकता एक दूसरे के पूरक बन गए है। हर मोर्चे पर विफल पाकिस्तान के विदेश मंत्री का बयान उनकी हताशा और निराशा को दर्शाता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पाकिस्तान के बिलावल भुट्टो के विवादित बयान के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी रोष है।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने भुट्टो और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते पाकिस्तान का पुतला दहन किया। पुतला दहन करने वलो में मनोज पांथरी, कैजेपी धस्माना, प्रदीप बलूनी, श्रीकांत नौगाई, सुरेंद्र बिजलवान, प्रमोद रावत, राकेश मोहन थपलियाल, कुबेर जलाल, राकेश देवरानी, श्रीधर केशतवाल, अशोक भारद्वाज, अनिरुद्ध ध्यानी, राजीव डबराल, मनमोहन द्वबेदी, सुरमन सिंह रावत, अवतार चौहान आदि मौजूद रहे।

## एनएसयूआई ने की प्रत्याशियों की घोषणा

**सतपुली।** छात्रसंघ चुनाव को लेकर एनएसयूआई ने शनिवार को प्रत्याशियों की घोषणा जारी कर दी। इस दौरान सभी ने एकजुट होकर प्रत्याशियों को जीत दिलाने पर जोर दिया।

शनिवार को एनएसयूआई नगर अध्यक्ष अभिषेक नेगी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजकीय महाविद्यालय सतपुली से एनएसयूआई ने छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर विशाल लखेड़ा, उपाध्यक्ष पद पर कनिका पंत, कोषाध्यक्ष पर निखिल ध्यानी, सचिव पर अमित रावत, सह सचिव पर अभिषेक, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पर शुभम रावत को प्रत्याशी घोषित किया है। बैठक में कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुरजन रौतेला, वरिष्ठ कांग्रेसी त्रिलोक सिंह नेगी, रणधीर सिंह, चंद्रमोहन सिंह, जयदीप नेगी, यूथ विधानसभा अध्यक्ष रोहन नेगी आदि शामिल रहे। इस दौरान एनएसयूआई पदाधिकारियों ने प्रत्याशियो को जीत दिलाने के लिए एकजुट रहने पर जोर दिया।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया भव्य स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिला मुख्यालय पौड़ी में भाजपा की जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया। इस दौरान केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांव के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाए जाने में प्रत्येक कार्यकर्ता के योगदान पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की मजबूत कड़ी का हिस्सा है।

शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुषमा रातव ने नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर रावत, जिला महामंत्री शशि रतूड़ी, जिला मंत्री राकेश रुडोला, नरेंद्र रावत, जिला कोषाध्यक्ष संजय रावत, जिला कार्यालय मंत्री राजेंद्र रावत सहित अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने सभी को पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष सुषमा रावत ने बताया कि पार्टी के सांगठनिक जनपद पौड़ी में तीन विधान सभाओं के 13 मंडल शामिल हैं।

संगठन ने एक नए मंडल अगरोड़ा का प्रस्ताव हाईकमान को भेजा है। कहा नए अगरोड़ा मंडल में कफोलस्यूं पट्टी व खातस्यूं पट्टी को शामिल किया गया है। प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने पर जिले में मंडलो की संख्या बढ़कर 14 हो जाएगी। इस अवसर पर निवर्तमान नगर मंडल अध्यक्ष क्रांति किशोर नेगी, महामंत्री अनूप देवरानी, सुरेश जुगरान, सभासद हेमंती गुसांई, संगीता डोभाल, हेमलता भट्ट, भारत भूषण नेगी आदि मौजूद रहे।

## डा. नेगी बेस्ट डिप्लोमेट्स के लिए चयनित

**श्रीनगर गढ़वाल** : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि श्रीनगर के राजनिति विज्ञान विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. राकेश नेगी अनंत का चयन बेस्ट डिप्लोमेट्स न्यूयॉर्क स्थित अंतरराष्ट्रीय संगठन में 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 28 अप्रैल से 1 मई 2023 तक बैंकांग थाईलैंड के हुआ है। यहां पर विश्वभर के 200 डेलीगेट्स भाग लेंगे। यह संगठन युवा नेताओं ओर परिवर्तन निर्माताओं के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने और सबसे चुनौतीपूर्ण वैश्विक मुद्दों को हल करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। डॉ. राकेश नेगी समाज में गरीब वर्ग के बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ भारत के युवा पीढ़ी को एक आदर्श नागरिक निर्माण में भी कार्य कर रहे हैं। डॉ. नेगी शोध के क्षेत्र बेस्ट रिसर्च अवॉर्ड एवं सामाजिक कार्य हेतु इंडियन ग्लोरी अवॉड्र्स से भी सम्मानित हुए हैं। (एजेंसी)

# 20 को होगा जनपद की टीम का चयन

**पौड़ी** : जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि जिला खेल विभाग द्वारा उत्तराखंड राज्य के शासकीय अधिकारी/कर्मचारियों का ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज बास्केटबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती (पुरूष व महिला) हेतु जनपदीय चयन/ट्रायल का आयोजन आगामी 20 दिसम्बर को 11 बजे से इंडोर क्रीड़ा हॉल कंडोलिया में आयोजित किया जा रहा है।क्रीड़ा अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार के वेतन अधिष्ठान बजट से वेतन प्राप्त करने वाले कार्मिक (पुलिस, सेना व निगम को छोड़कर) जनपद स्तर पर चयन/ट्रायल्स में प्रतिभाग करने के लिए पात्र होंगे। कहा कि राज्य स्तरीय चयन ट्रायल 26 दिसम्बर को बास्केटबॉल परेड ग्राउंड देहरादून, भारोत्तोलन महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज रायपुर देहरादून एवं कुश्ती स्पोर्टस स्टेडियम हरिद्वार में होगा। उन्होंने कहा कि जनपद व राज्य स्तरीय चयन ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को खेल विभाग की ओर से किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा। जनपद स्तरीय ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपना आधार कार्ड की छाया प्रति, कार्मिक की विभागीय आईडी, ईमेल, व संबंधित कायालयाध्यक्ष से अनुमति प्रमाणपत्र/अनापत्ति पत्र लाना आवश्यक होगा।

# पंचायत समितियों का सशक्त होना आवश्यक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के चौरास परिसर स्थति स्वामी मनमथन प्रेक्षागृह में पंचायतीराज विभाग उत्तराखंड की ओर से सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण व ग्राम पंचायत विकास योजना विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हो गई है।

हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि प्रो. महावीर सिंह नेगी ने कहा कि ग्राम पंचायत क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है कि पंचायत समितियां सशक्त बनें। उन्होंने कहा कि नयिमति बैठकें होनी चाहिए। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय को बढ़ाने की भी बात कही।कार्यशाला में गढ़वाल मंडल के उत्तरकाशी, टिहरी, पौड़ी, चमोली एवं रूद्रप्रयाग जिलों के पंचायत प्रतिनिधियों एवं कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। पूर्व संयुक्त निदेशक पंचायतीराज निदेशालय डीपी देवराड़ी ने त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों व कार्मिकों ने आर्थिकी विकास की नीति को विस्तार से समझाते हुए सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों को सतत विकास की राह पर लाने का सूत्र साझा किया। उन्होंने लोक कल्याणकारी योजनाओं पर विशेष बल देते हुये कहा कि क्षेत्रों में जिन स्थानों में विकास कार्य अधूरा पड़ा है उसे विकसित करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों को कहा कि क्षेत्र की जरूरतों को समझते हुए प्राथमकिता के आधार पर योजनाओं पर काम करें। उन्होंने क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत स्तर पर विकास की रूपरेखा तैयार करने की बात कही।

अध्यक्ष जिला पंचायत रूद्रप्रयाग अमरदेई शाह ने कहा कि ग्राम पंचायत ईकाई की मजबूती ही सतत विकास की पहली शर्त है। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाले विकास कार्य की आर्थिक सीमा को विस्तार देने की बात कही। देवाल के प्रमुख क्षेत्र पंचायत दर्शन सिंह दानू ने कहा कि उत्तराखंड के विकास के लिए आवश्यक है कि त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों व कार्मिकों में सामंजस्य स्थापित करते हुये विकास योजनाओं पर कार्य किया जाए।

संयुक्त निदेशक पंचायतीराज निदेशालय राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी ने कहा कि वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिए निदेशालय एक पोर्टल का निर्माण कर रहा है। उन्होंने कामगारों की उपलब्धता को भी सुनश्चिति करने वाले ऑनलाइन पोर्टल पर कार्य करने की बात भी कही। उन्होंने बताया कि मार्च 2023 तक निदेशालय के इस पोर्टल के माध्यम से कामगारों की उपलब्धता की विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

# सड़क पर बेसहारा लोगों को बांटे कंबल



बेसहारा लोगों को कंबल वितरित करती संस्था

**कोटद्वारः** मौसम में बदलाव आते ही ठंड का प्रकोप बढ़ने लगा हैं। इसे देखते हुवे सामाजिक संस्था एक नई आशा फाऊंडेशन ने सड़कों पर रहने वाले बेघर श्रमिकों व अन्य लोगों को कंबल वितरित किए। संस्था की ओर से स्टेशन रोड, जीएमओयू बस अड्डा, झंडाचौक लालबत्ती चौक सहित अन्य स्थानों पर सड़क किनारे रहने वाले लोगों को कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैथोला ने कहा कि एक नई आशा फाउंडेशन लगातार समाज सेवा में अपना योगदान दे रहा है। उन्होंने अन्य सामाजिक संस्थाओं से भी बेसहारा लोगों की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

# स्वास्थ्य सेवाओं की खुली पोल, 108 एंबुलेंस कर्मियों ने कराया प्रसव




पिथौरागढ़ : पिथौरागढ़ सीमांत की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं के कारण एक गर्भवती का सड़क किनारे एंबुलेंस में प्रसव कराना पड़ा। दो अस्पतालों में पहुंचने के बाजवूद गर्भवती को प्रसव सुविधा नहीं मिली। क्रिटिकल केस बताकर डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिये। गर्भवती को पिथौरागढ़ ला रहे 108 सेवा के कर्मियों ने नैनीपातल के पास एंबुलेंस में नॉर्मल प्रसव कराया। डीडीहाट ननपाऊं की निवासी नेहा (25) को बीते रोज प्रसव पीड़ा हुई। जिस पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीडीहाट लेकर पहुंचे। वहां जांच के बाद चिकित्सकों ने नेहा को भर्ती कर लिया। 24 घंटे बाद शुक्रवार सुबह चिकित्सकों ने क्रिटिकल केस बताकर नेहा को पिथौरागढ़ जिला महिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन 108 सेवा से महिला को अस्पताल लाने लगे। कनालीछीना के निकट पहुंचने पर नेहा की तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनालीछीना लेकर पहुंचे। वहां भी नेहा करीब आधा घंटे अस्पताल में रही, लेकिन वहां भी चिकित्सकों ने प्रसव कराने से हाथ खड़े कर दिए और परिजनों को सलाह दी कि वे गर्भवती को पिथौरागढ़ ले जाएं। परिजन एक बार फिर 108 एंबुलेंस से नेहा को लेकर पिथौरागढ़ के रास्ते लग लिये। नैनीपातल के निकट गर्भवती की प्रसव पीड़ा बढ़ गई।

ऐसी स्थिति में ईएमटी हरीश सिंह ऐरी और चालक ललित पांडे ने सड़क किनारे एंबुलेंस में ही महिला का प्रसव कराने का निर्णय लिया। उन्होंने एंबुलेंस में ही नॉर्मल प्रसव कराया। यहां महिला ने स्वस्थ कन्या को जन्म दिया। बाद में कर्मचारी जच्चा-बच्चा को जिला महिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

## अधिकारियों ने लिया निर्माणाधीन अमृत सरोवर का जायजा

काशीपुर : ग्राम महेशपुरा में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का ब्लॉक अधिकारियों ने निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने तालाब के आसपास कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। शनिवार को सहायक खंड विकास अधिकारी कुंदन सिंह बिष्ट और एडीओ पंचायत ललित सिंह ग्वाल ने ग्राम महेशपुरा में निर्माणाधीन अमृत सरोवर का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान लोगों के घरों से तालाब में आने वाले गंदे पानी को लेकर एडीओ पंचायत ने पानी की निकासी के लिए पक्की नाली का निर्माण कराने की बात कही। साथ ही उन्होंने तालाब के आसपास कूड़ा डालने वाले लोगों को चेतावनी दी और भविष्य में कूड़ा फेंकने पर नोटिस जारी करने को कहा।

# तीन माह से फरार चल रहा इनामी गिरफ्तार



काशीपुर : जानलेवा हमले के मामले में तीन माह से फरार चल रहे दस हजार के इनामी को जसपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय ने भी आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। मोहल्ला शिवनगर निवासी मधु ने जसपुर कोतवाली में तहरीर देकर कहा था कि 24 सितंबर को वह अपनी बड़ी बहन पूनम सागर के साथ अपने दो बच्चों को सुल्तानपुर पट्टी से शेरेटन एकेडमी जसपुर ब्लॉक रोड में पेपर दिलवाने के लिए आये थे। पेपर खत्म होने के बाद वे बाइक से ब्लॉक रोड पर पहुंचे। इसी बीच उसकी बाइक को जसपुर के ग्राम गांगूवाला निवासी हरगोविंद पुत्र तेज बहादुर ने अपनी बाइक से टक्कर मार दी। जिससे वह नीचे गिर गए। हरगोविंद ने पहले डंडा मारकर उसकी बहन को घायल किया। फिर जान से मारने की नियत से चाकू मार दिया। जब उसने चाकू छीनने का प्रयास किया तो आरोपी ने उस पर भी चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को एएसपी अभय सिंह ने बताया कि संभावित स्थानों पर दबिश देने के बाद भी आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा। इसके बाद कोर्ट से आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया। कहा, आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जसपुर पुलिस ने इनामी आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में जसपुर कोतवाली प्रभारी प्रकाश दानू, सूत मिल चौकी प्रभारी एसआई सुरेंद्र प्रताप सिंह, विवेचना अधिकारी एसआई हरीश आर्य, कांस्टेबल राजकुमार, भूपेंद्र आर्य रहे। (एजेंसी)

# मथुरा से आई टीम ने पकड़े 50 बंदर



रुद्रपुर : सितारगंज में बंदरों के आतंक को देखते हुए बाराकोली रेंज ने बंदर पकड़ने के लिए शनिवार को अभियान चलाया।

बंदर पकड़ने के लिए मथुरा से आयी टीम ने 50 बंदर पकड़ने में सफलता हासिल की। इन्हें दूरस्थ घने जंगल में छोड़ दिया गया। वर्षों से नगर के लोग बंदरों को पकड़ने की मांग करते आए हैं। रेंजर महेंद्र सिंह रैकुनी व डिप्टी रेंजर धीरेंद्र पंत ने मथुरा से टीम बुलाकर 50 बंदरों को पिंजड़े में बंद करा दिया। बाद में बड़े वाहन से इन बंदरों को दूरस्थ जंगल में छोड़ा गया। टीम में वन दरोगा ललित सिंह काला, जितेंद्र यादव, बाबूराम वर्मा आदि रहे। डिप्टी रेंजर धीरेंद्र पंत ने बताया कि नगर पालिका या ग्रामीण क्षेत्र की कार्यदायी संस्थाएं भी बंदरों को पकड़ने के लिए अपने खर्चे पर टीम बुला सकती है। (एजेंसी)

## यातायात व्यवस्था में आंशिक परिवर्तन

अल्मोड़ा : पुलिस भर्ती प्रक्रिया को देखते हुए एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देश पर पुलिस ने आज यानी रविवार को अल्मोड़ा नगर की यातायात व्यवस्था में आंशिक परिवर्तन किया है। एसएसपी ने बताया कि आज परीक्षा के मद्देनजर नगर में अधिक वाहनों के आने की संभावना है। इसी को देखते हुए आज अन्य दिनों की तरह नगर में वन वे यातायात व्यवस्था जारी रहेगी। दरअसल, अल्मोड़ा नगर में रविवार को अन्य दिनों में वन वे व्यवस्था में छूट मिलती थी। लेकिन आज परीक्षा को लेकर वन वे व्यवस्था यथावत लागू रखने का निर्णय लिया गया है। (एजेंसी)

# मदकोट–देहरादून रोडवेज बस सेवा छः माह से ठप, लोगों में रोष



पिथौरागढ़ : परिवहन निगम की मदकोट–देहरादून रोडवेज बस सेवा बंद होने से लोगों में आक्रोश है।

लोगों का कहना है कि छः माह से बस सेवा ठप है, लेकिन निगम दोबारा सेवा शुरू करने को लेकर कोई पहल नहीं कर रहा है। बस सेवा के अभाव में लोग टैक्सियों में दोगुने से अधिक किराया देकर जिला मुख्यालय और देहरादून की यात्रा करने को मजबूर हैं। परिवहन निगम की ओर से पूर्व में मदकोट से देहरादून के लिए बस सेवा का संचालन किया जा रहा था। इससे क्षेत्र के लोगों को खासी राहत मिल रही थी।

लोग सस्ते किराए पर मैदानी क्षेत्रों की आवाजाही कर रहे थे, लेकिन बीते जून माह से निगम ने बस सेवा बंद कर दी है। डीडीहाट कांग्रेस अध्यक्ष मनोहर सिह टोलिया ने कहा बस सेवा बंद होने से 15 हजार से अधिक आबादी परेशान है। कहा टैक्सियों की अपेक्षा बस में किराया बेहद कम है। लेकिन अब बस सेवा संचालित न होने से लोगों के लिए टैक्सी में ही यात्रा करना मजबूरी बन गया है। जिसका खामियाजा उनका जेब का बोझ बढ़ा रहा है। टोलिया ने कहा अगर 15 दिन के भीतर बस सेवा शुरू नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इधर एआरएम रवि शेखर कापड़ी का कहना है कि पूर्व में मदकोट–देहरादून बस को चारधाम यात्रा के लिए भेजा गया था। बाद में पहाड़ में चलने की बस की उम्र पूरी हो जाने के कारण सेवा को बहाल नहीं किया जा सका है। जल्द नई बस आने पर सेवा पुनः शुरू की जाएगी। (एजेंसी)

# भाजपा ने फूंका बिलावल भुट्टो का पुतला



बागेश्वर। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी पर भाजपा जिला इकाई ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने भुट्टो का पुतला जलाया। पार्टी जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण के नेतृत्व में कार्यकर्ता शनिवार को पार्टी कार्यालय में एकत्रित हुए। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व में मोदी के नाम और उनके कार्यों का डंका बज रहा है, परंतु विदेश मंत्री बौखलाहट में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं जो कि उनके पद के विपरीत है। कहा कि इससे पाकिस्तान की बौखलाहट का पता चलता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की किसी भी देश विरोधी मानसिकता का भारत जवाब देने में सक्षम है। इस दौरान जिला महामंत्री संजय परिहार, पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, खड़क सिंह दफौटी, डॉ. राजेंद्र परिहार, आदर्श कठायत, रवि करायत, नवीन परिहार राजकुमार परिहार, आनंद तिवारी आदि उपस्थित थे।

## पांच उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का मुकदमा

रुद्रपुर : ऊर्जा निगम व सतर्कता इकाई की टीम ने चेकिंग के दौरान पांच उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते पकड़ा। एसडीओ ने उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एसडीओ राजेंद्र प्रसाद पाठक, जेई महेंद्र सिंह समेत टीम के सदस्यों ने महेंदी हसन निवासी वार्ड 6, मो. हासिम निवासी वार्ड 6, नवी रजा निवासी केशवनगर, नासिर निवासी वार्ड 6, मनोज निवासी निकट पोस्ट ऑफिस के घरों में छापेमारी की। यहां मौके पर ये लोग बिजली चोरी करते मिले। टीम ने केबल कब्जे में लेकर सील कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (एजेंसी)

# सहकारी समिति कर्मियों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट

रुद्रपुर : खटीमा मझोला गन्ना सहकारी समिति के कर्मचारियों को आठ माह से वेतन नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों के समक्ष रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। कर्मचारियों ने समिति के डेलीगेट एवं किसान नेता प्रकाश तिवारी को ज्ञापन सौंपकर वेतन दिलाए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें अप्रैल माह से वेतन नहीं दिया जा रहा है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने किसान नेता से वेतन दिलाए जाने की मांग की। किसान नेता तिवारी ने कहा कि खटीमा गन्ना समिति के माध्यम से होने वाली गन्ने की खरीद से मिले कमीशन से कर्मचारियों के वेतन का भुगतान किया जाता है। सितारगंज चीनी मिल पर खटीमा सहकारी समिति का 42 लाख रुपये कमीशन का बकाया है।

कहा कि इस संबंध में सितारगंज मिल के जीएम से उन्होंने वार्ता की है। जीएम ने शीघ्र ही कर्मचारियों का वेतन दिए जाने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में विनीत सक्सेना, अजय चौहान, नेत्र सिंह, रामप्रसाद, राजवीर राणा, सुरेंद्र धामी, गोविंद राणा, जितेंद्र कुमार, अमित बिष्ट, राजीव कुमार, शिवम सक्सेना, राम सिंह आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

## बैंक उपभोक्ताओं को जागरूक किया

रुद्रपुर : उत्तराखंड ग्रामीण बैंक द्वारा नाबार्ड के सहयोग से नुक्कड़ नाटक आयोजित कर बैंक उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। बैंक की विभिन्न योजनाओं के अलावा लोगों के साथ होने वाले साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। प्रयास जागरूकता मंच देहरादून ने नुक्कड़ नाटक आयोजित कर ग्राहकों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बैंक ग्राहकों एवं जनता को बैंक की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं अटल पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही वर्तमान समय में होने वाले धोखाधड़ी से कैसे निजात पाई जा सके, इसके बारे में भी ग्राहकों एवं आम लोगों को जागरूक किया गया।

# तहसीलदार ने की ठेकेदार के टेंडर को निरस्त करने की संस्तुति

रुद्रपुर : नगर पालिका के डंपिंग जोन नदन्ना कुटरी में कूड़े में लगातार जल रही आग के मामले पर तहसीलदार ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन ठेकेदार के टेंडर को निरस्त करने की संस्तुति की है। खटीमा में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन कर ठेकेदार द्वारा नदन्ना में डंप किया जाता है। लगभग 6 बीघा के इस स्थान को टीन शेड से बाउंड्री किया गया था, लेकिन आसपास के लोगों का विरोध शुरू से चल रहा था।

डंपिंग जोन का विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि गर्मियों में कूड़े के सड़ने से दुर्गंध उठ रही थी। तेज हवा चलने पर पन्नी और कूड़ा उड़कर उनके घरों में जाता है। उन्होंने कहा कई बार डंपिंग जोन के विरोध में ज्ञापन दे चुके हैं। कूड़ा ठेकेदार के लोग अब कूड़े को लगातार जला रहे हैं। जिससे प्रदूषण फैल रहा है। तहसीलदार शुभांगनी ने कहा कि कई बार ठेकेदार की शिकायत आ चुकी है। मौके का निरीक्षण किया गया था, जिसमें नगरपालिका ईओ भी मौजूद रहे थे। हाईवे के नजदीक कूड़ा डंप नहीं किया जा सकता। इसलिए कूड़ा ठेकेदार के टेंडर को निरस्त करने की संस्तुति की गई है। तब तक वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। (एजेंसी)

## ईओ के बैठक में न आने पर भड़के नगर पंचायत अध्यक्ष और सभासद

पिथौरागढ़ : नगर पंचायत में नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभासद अधिशासी अधिकारी के विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने बोर्ड बैठक में शामिल होना छोड़ ईओ के बिना बताए जाने पर नाराजगी जताई और नगर पंचायत कार्यालय में तालाबंदी कर दी। शनिवार को नगर पंचायत में बोर्ड बैठक प्रस्तावित थी। इसके लिए नपं अध्यक्ष हेम पंत सहित अन्य सभासद नगर पंचायत पहुंचे, लेकिन बैठक में ईओ शामिल नहीं हुए। कुछ देर इंतजार के बाद जब उन्हें पता चला कि ईओ कहीं चले गए हैं तो वे भड़क उठे। आक्रोशित नपं अध्यक्ष और सदस्यों ने नगर पंचायत कार्यालय में जमकर हंगामा काटा।

## जनमंच ने पेयजल टैंक निर्माण की मांग की उठाई

पिथौरागढ़ : जनमंच सोर ने प्रशासन से नगर और इससे लगे ग्रामीण इलाकों में पेयजल टैंक निर्माण की मांग की है। उन्होंने कहा विभिन्न पेयजल योजनाओं से मांग के सापेक्ष अधिक पानी मिल रहा है, लेकिन पर्याप्त टैंक न होने से लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं। हालात यह हैं कि कुछ इलाकों में लोगों को तीसरे दिन पानी मिल रहा है। जनमंच के संयोजक भगवान रावत, सह संयोजक सुबोध बिष्ट और कोषाध्यक्ष मदन मोहन जोशी ने डीएम को ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय और आसपास के गांवों में रह रहे लोगों की प्यास बुझाने के लिए शासन–प्रशासन ने विभिन्न पेयजल योजना बनाई है।

# विहिप ने फूंका पठान फिल्म का पुतला



बागेश्वर। विश्व हिंदू परिषद ने पठान फिल्म में भगवा रंग के उपयोग पर कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने फिल्म का पुतला दहन किया। उन्होंने सेंसर बोर्ड से फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। संगठन से जुड़े लोग शनिवार को एसबीआई तिराहे पर पहुंचे।

यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि दीपिका पादुकोण व शाहरूखान की पठान फिल्में में भगवा रंग का गलत उपयोग किया है।

यह रंग हमारे देश की आन–बान तथा शान का प्रतीक है। गाने का शीर्ष भी बहुत निंदनीय है। इससे उनकी आस्था पर ठेस पहुंच रही है। उन्होंने सेंसर बोर्ड से फिल्म पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष नवीन रौतेला, संजय नेगी, कुंदन टंगड़िया, विनय परिहार, शेर सिंह मलड़ा, राहुल चौबे, आयुष, चंचल देवली, सक्षम पांडे, भुवन चौबे, राजेश कांडपाल, तेजश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# पाकिस्तान के विदेश मंत्री का फूंका पुतला



रुद्रपुर : भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका। भाजपाइयों का कहना था कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है।

शनिवार को लोनिवि में इकट्ठे हुए भाजपाइयों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ देश के नागरिक कुछ भी गलत नहीं सुन सकते। बिलावल भुट्टो की अमर्यादित टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान के विदेश मंत्री के पुतले को आग के हवाले किया। पुतला फूंकने वालों में मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह, रमेश जोशी, सतीश गोयल, हिमांशु बिष्ट, गोपाल बोरा, मनोज वाधवा, संतोष अग्रवाल, गौरव सोनकर, जीवन धामी, भवानी भंडारी, दीपक तिवारी, गोविंद मेहता, सचिन डोरा, दीपक गुप्ता, छोटू श्रीवास्तव, प्रियांशु बंसल, संजय शुक्ला, भारती आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

## एमए, एमकॉम आदि के कई सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित

अल्मोड़ा : एसएसजे विवि ने सत्र 2021–22 के कई सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक सुशील कुमार जोशी ने बताया कि घोषित सभी रिजल्ट विवि वेबसाइट पर भी मौजूद हैं। घोषित परिणा में एमकॉम द्वितीय व चौथे सेमेस्टर, एमएससी स्टेटिस्क, एमए इतिहास द्वितीय सेमेस्टर, एमए समाज शास्त्र द्वितीय सेमेस्टर, एमए ड्राइंग द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमए योगिक साइंस द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एएससी कैमिस्ट्री द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी ज्योलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर, एमएसी मैथ चतुर्थ सेमेस्टर और एमएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किर दिया गया है। इसके अलावा एमए पॉलीटिकल साइंस द्वितीय सेमेस्टर, एमए संस्कृत द्वितीय सेमेस्टर, एमए हिन्दी द्वितीय सेमेस्टर, बीसीए चतुर्थ सेमेस्टर, जीआईएस चतुर्थ सेमेस्टर व पीजीजेएमसी द्वितीय सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है।

# साल बोझी से हटाए लोगों ने दोहरे मापदंड अपनाने का लगाया आरोप

रुद्रपुर : साल बोझी से हटाए गए लोगों ने एसडीएम रविंद्र सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर आवासीय पट्टे दिए जाने की मांग की। हटाए गए लोगों ने वन विभाग पर हाईकोर्ट के नाम पर अतिक्रमण हटाने में दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। कहा कि उनके साथ वन विभाग के कर्मचारी मारपीट कर रहे हैं। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष बॉबी राठौर के नेतृत्व में एसडीएम से मिले साल बोझी से हटाए गए लोगों ने कहा कि कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। पिछले कई दिनों से वह खुले आसमान के नीचे ही अपनी गुजर-बसर कर रहे हैं। रोज रात को वन विभाग के कर्मचारी उनके पास आकर मारपीट कर रहे हैं। अतिक्रमण के नाम पर हटाए गए प्रभावितों ने आवासीय पट्टे जारी करने की मांग की। एसडीएम बिष्ट ने सभी से अपने खटीमा में रहने और यहां का नागरिक होने के दस्तावेज सौंपने को कहा। वन कर्मियों द्वारा मारपीट किए जाने के सवाल पर एसडीएम ने जांच का आश्वासन दिया। इस मौके पर शांति, कनिका, दुर्गा, रिंकी, सुमन, जानकी, फरिश्ता, रसीदा, पूनम, आरती देवी, आशा, सहाना आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

काशीपुर : चोरी की बाइक के साथ कुंडा थाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। रामपुर जिले के टांडा निवासी इकरार अली पुत्र दरिया हुसैन ने कुंडा थाना में तहरीर सौंपी थी। कहा था कि 15 दिसंबर को उसने अपनी बाइक मुरादाबाद रोड स्थित एक अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। जब अस्पताल से बाहर आया तब उसकी बाइक वहां पर नहीं थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार देर शाम कुंडा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो युवकों को चोरी के बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# थाना प्रभारी निकलेगें रात में स्वयं गश्त पर : एसएसपी



: एसएसपी श्वेता चौबे पुलिस लाइन पौड़ी में अपराध समीक्षा बैठक लेते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने को रात्रि में सभी थाना प्रभारी स्वयं गश्त पर निकलेंगे। थाना प्रभारियों को अपने अधीनस्थों की हर माह बैठक कर कामों की समीक्षा करने को भी कहा गया।

एसएसपी ने कहा कि समस्त थाना प्रभारी रात्रि में ठण्ड में ड्यूटीरत पुलिस कर्मचारियों के लिए चाय एवं अलाव की व्यवस्था करेंगे। जिससे कर्मचारी रात्रि में अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से कर सकें। शनिवार को पुलिस लाइन पौड़ी में अपराध समीक्षा बैठक लेते हुए एसएसपी श्वेता चौबे ने कहा कि पुलिस जनता के साथ अपना व्यवहार ठीक रखे। एसएसपी ने बीट आरक्षी को बीट पुलिसिंग में सुधार के लिए भी कहा। एसएसपी ने कहा कि ईनामी, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, एनडीपीएस एक्ट और गिरोह बनाकर अपराध करने वाले अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए। बैठक में बताया गया कि मोटर वाहन अधिनियम के तहत विगत माह में शराब पीकर वाहन चलाने पर 15, तीव्र गति से वाहन चलाने पर 53, ओवर लोडिंग करने पर 46, दुपहिया वाहनों में तीन सवारी बैठाने पर 195, मोबाइल फोन का प्रयोग करने पर 19 एवं 90 व्यक्तियों के विरूद्ध डीएल निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत थाना पैठाणी के अलावा किसी भी थाने द्वारा अपेक्षाकृत संतोषजनक/ सुधारात्मक कार्यवाही नहीं की गयी। जिस पर एसएसपी ने नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित थाना प्रभारियों को यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही करने को कहा। बैठक में एएसपी संचार अनूप काला, सीओ सदर पीएल टम्टा, सीओ कोटद्वार गणेश लाल, निरीक्षक पौड़ी गोविंद कुमार, लक्ष्मणझूला विनोद गुंसाई, आरआई अनुराग कुमार, श्रीनगर हरि ओम चौहान, सतपुली लाखन सिंह सहित सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# स्वयं सेवियों ने निकाली जागरूकता रैली




विद्यालय से रैली निकालते स्वयं सेवी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः स्पर्श गंगा दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई राजकीय इंटर कालेज सुखरो की ओर से क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने खोह नदी के तट पर पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाया। शनिवार को विद्यालय परिसर से निकाली गई रैली को प्रधानाचार्य रविंद्र रावत, जिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना पौड़ी परितोष रावत व कार्यक्रम अधिकारी संदीप बिष्ट ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। हाथों में स्वच्छता से संबंधित तख्तियां पकड़े विद्यार्थियों ने आमजन को साफ- सफाई के प्रति जागरूक किया। इसके उपरांत रैली देवी रोड, नजीबाबाद रोड, बदीनाथ मार्ग से होते हुए सिद्धबली मंदिर के समीप खोह नदी के तट पर पहुंची जहां विद्यार्थियों ने नदी में फैली गंदगी को साफ किया। वहीं, स्पर्श गंगा दिवस पर राजकीय इंटर कॉलेज कुंभीचौड़ में भी गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य नीरज कुमार, कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र भंडारी, राकेश सकलानी, सुनीता सकलानी, वीरेंद्र कुमार, पूनम पांथरी, अरविंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# 100 और 200 मीटर दौड़ में करन चौहान दौड़े सबसे तेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान पौड़ी के वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़, लंबीकूद, ऊंचीकूद, गोला फेंक, चक्का फेंक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महोत्सव में संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

संस्थान प्रशासन ने प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व पदक देकर सम्मानित किया।

शनिवार को खेल मैदान चोपड़ा में आयोजित खेल महोत्सव का उद्घाटन प्रधानाचार्य मुकेश बाबू व रीता रावत ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि खेलों का आयोजन छात्रों में एक नई ऊर्जा का संचार भरने का कार्य करते हैं। खेल हमें शारीरिक व मानसिक रुप से मजबूत बनाते हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेल मैदान में जीत के लिए जूझने को प्रोत्साहित किया। महोत्सव का आगाज 100 मीटर फर्राटा दौड़ से हुआ। जिसमें करन चौहान प्रथम, अभिषेक नेगी द्वितीय व आर्यन रौथाण तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में करन चौहान ने पहला, अरुण बिजल्वाण ने दूसरा व सचिन रावत ने तीसरा स्थान पाया। 400 मीटर दौड़ में हेमंत सिंह प्रथम व करण द्वितीय स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में आर्यन रौथाण पहले, मोहित भंडारी दूसरे व सचिन रावत तीसरे स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में मोहित भंडारी ने प्रथम व नीरज बिष्ट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लंबीकूद में सचिन, करण चौहान व अरुण बिजल्वाण, ऊंचीकूद में सचिन, अरुण बिजल्वाण, अंकित क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

गोला फेंक में राजेंद्र ने पहला, विजय भूषण ने दूसरा, नीरज बिष्ट ने तीसरा, चक्का फेंक में नीरज बिष्ट पहले, सचिन दूसरे व राजेंद्र तीसरे स्थान पर रहा। खेल महोत्सव का संचालन अमरीश कुमार सैनी ने किया। इस अवसर विजय कुमार, सोमनाथ टोडरिया, गजेंद्र सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

# छात्र का मॉडल देगा आतंकी घुसपैठ की सूचना

चमोली : वीसी दरवान सिंह नेगी मेमोरियल राजकीय इंटर कालेज के 11वीं के छात्र कमलेश आगरी का मॉडल सीमा पर आतंकी घुसपैठ को रोकने में मददगार साबित होगा। स्कूली प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने के बाद आगरी का मॉडल अब बंगलूरू में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिरकत करेगा। कमलेश आगरी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे, कंप्यूटर, सेंसर सिस्टम, रडार, सायरन, लेजर सिस्टम युक्त बार्डर सिक्योरिटी सिस्टम से सीमा पार से होने वाली घुसपैठ की सूचना जवानों को करीब 200 किमी. पहले मिल सकेगी। बताया कि इस सिक्योरिटी सिस्टम को स्वचलित हथियार से लैस किया है। जिससे सीमा पर किसी प्रकार के दुस्साहस पर यह स्वयं कमांड करने लगेगा। कमलेश ने अपनी इस मेहनत पर अपने माता पिता और गुरुजनों के सहयोग को बताया है। कमलेश की उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन ने कमलेश को सम्मानित किया है। कमलेश के सहयोग कर रहे शिक्षक आरएल आर्य, प्रकाश शाह ने बताया कि छात्र के इस मॉडल को एनसीईआरटी, डीआरडीओ, ग्राफिक एरा को वीडियो आदि भेजकर पेटेंट कराने की मांग की गई है। वहीं प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश सती ने कहा कि आगरी की सफलता जनपद एवं विद्यालय के लिए गौरव की बात है। राष्ट्रीय स्तर पर कमलेश का मॉडल देश एवं दुनिया में नाम रोशन करेगा। (एजेंसी)

# पौराणिक मंदिरों, रामलीला मैदान और घाटों के निर्माण की मांग की

नई टिहरी : विहिप और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से भेंटकर पुरानी टिहरी में जलमग्न हो चुके पौराणिक मंदिरों, रामलीला मैदान और घाटों के निर्माण की मांग की है। विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंगदल टिहरी के कार्यकर्ताओं ने विहिप जिलाध्यक्ष सुरम तोपवाल के नेतृत्व में शनिवार को कोटी कालोनी में पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज से भेंट की। उन्होंने कहा कि पुरानी टिहरी शहर को जलमग्न हुये दो दशक होने वाले है, लेकिन पुरानी टिहरी शहर में शीतला माता, मां काली सहित कई अन्य मंदिर थे, जिनका नई टिहरी निर्माण नहीं करवाया गया है। बताया 17वीं शताब्दी की शीतला माता और मां काली की मूर्ति नई टिहरी स्थित नव दुर्गा मंदिर के एक कमरें में बंद पड़ी है। कहा कि हिन्दुओं की आस्था के मध्यनजर पुरानी टिहरी शहर मंदिरों की पौराणिक मूतियों के लिये टिहरी बांध की झील के आसपास मंदिरों का निर्माण करवाया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि पुरानी टिहरी में ऐतिहासिक रामलीला मैदान के नाम पर नई टिहरी में भी सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिये मैदान बनाया जाए। उन्होंने झील के किनारें घाटों का निर्माण करने की मांग पर्यटन मंत्री के समक्ष रखी, इस संबंध में पर्यटन मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा गया। इस मौके पर जिला मंत्री यशपाल सजवाण, बजरंग दल जिला सयोजक विनित उनियाल, नगर अध्यक्ष केशव नोटियाल, जिला सह सयोजक युवराज, आदित्य नेगी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## तहसील दिवस 20 को

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशों में आगामी मंगलवार को राजकीय इंटरमीडिएट कॉलेज कांडई दशज्यूला में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। यहां फरियादियों की समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। जानकारी देते हुए तहसीलदार मंजू राजपूत ने बताया कि उप जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग की अध्यक्षता में मंगलवार 20 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से राइंका कांडई दशज्यूला में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित होने वाले तहसील दिवस के दौरान विभिन्न विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। (एजेंसी)

# उच्च शिक्षा मंत्री ने राइंकॉ हिंवालीधार में 41 लाख की लागत से प्रयोगशाला का किया शिलान्यास



कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : उच्च शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने शनिवार को श्रीनगर विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं व निर्माणाधीन विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पैठाणी राहू मंदिर में पूजा अर्जना कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस दौरान उन्होंने पैठाणी बाजार में आम जनमानस से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज हिंवालीधार में 41 लाख की लागत से भौतिक विज्ञान एवं जीव विज्ञान प्रयोगशाला भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया।कैबिनेट मंत्री ने पैठाणी के अंतर्गत एकीकृत वन चौकी निर्माण का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि चौकी खुलने से लोगों को काफी सुविधाएं प्राप्त होंगी। साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन टैक्सी स्टैंड का निरीक्षण भी किया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीघ्र व गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला होने से छात्र-छात्राओं को नई-नई जीचें सीखने को मिलेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कहा कि पठन-पाठन के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लेना चाहिए। मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार निरंतर रूप से विकास की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर डीएफओ मुकेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य गणेश नेगी सहित मातबर सिंह नेगी, राजेंद्र प्रसाद टम्टा व अन्य उपस्थित थे।

# एसआई अजय, दीपक, सूरत, महेश दीपिका सम्मानित



: एसएसपी श्वेता चौबे उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस कर्मी को सम्मानित करते हुए।

एसएसपी श्वेता चौबे ने ऑनलाईन पोर्टल पर सड़क दुर्घटनाओं से सम्बन्धित डाटा का समय पर अद्यतन करने वाले उपनिरीक्षक अजय भट्ट, दीपक तिवारी, सूरत शर्मा, महेश रावत एवं दीपिका बिष्ट को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही एसएसपी ने नवम्बर माह में जनपद स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने पर आरक्षी अरविन्द राय साईबर सेल कोटद्वार, आरक्षी उत्तम सिंह साईबर सेल कोटद्वार, महिला आरक्षी विमला साईबर सेल कोटद्वार, आरक्षी संदीप कुमार थाना कोटद्वार एवं फायर चालक नवनीत सिंह फायर स्टेशन कोटद्वार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता रैली निकाली

श्रीनगर गढ़वालः अटल उत्कृष्ट जीआईसी कीर्तिनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के प्रधानाचार्य परशुराम सेमवाल एवं कार्यक्रम अधिकारी कमलेश जोशी के नेतृत्व में स्पर्श गंगा अभियान के अंतर्गत विद्यालय से कीर्तिनगर शहर में स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कीर्तिनगर स्नान घाट में साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं के साथ गढ़वाल विवि के बीएड प्रशिक्षणार्थी चैतन्य कुकरेती, दीपक कुंवर, नवीन पंत, जयदीप तिवाड़ी, महेश चंद्र चमोली, पंकज सिंह आदि ने भी गंगा स्वच्छता कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की। (एजेंसी)

# 24 को जखोली और अगस्त्यमुनि में होगें छात्र संघ चुनाव

रुद्रप्रयाग : जखोली और अगस्त्यमुनि छात्र संघ चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। दोनों महाविद्यालयों में 24 दिसम्बर को छात्र संघ चुनाव संपन्न होंगे। शनिवार को दोनों महाविद्यालयों में चुनाव की अधिसूचना जारी की गई है। इधर, महाविद्यालय में छात्रों की राजनीति सरगर्मियां भी तेज हो गई है। जखोली महाविद्यालय के छात्र संघ चुनाव अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को छात्र संघ चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रपत्रों की बिक्री 19 दिसम्बर को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक की जाएगी। नामांकन 20 दिसम्बर को इसी समयावधि में संपन होगा। नाम वापसी, नामांकन प्रपत्रों की जांच एवं वैद्य प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन 21 दिसम्बर को किया जाएगा। वैध प्रत्याशियों की प्राचार्य निर्माचन अधिकारी एवं प्रशासन के साथ आम सभा 22 दिसम्बर को की जाएगी। छात्र संघ चुनाव के लिए 24 दिसम्बर सुबह 8 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा।

इसी दिन मतगणना व शपथ ग्रहण किया जाएगा। इधर, अगस्त्यमुनि छात्र संघ चुनाव प्रभारी डा. जितेंद्र सिंह ने बताया कि छात्र संघ चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है।

# राजकीय महाविद्यालय मालदेवता रायपुर में अधिसूचना जारी

देहरादून। कॉलेज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो. यतीश वशिष्ट ने बताया कि छात्रसंघ चुनाव प्रक्रिया लिंगदोह समिति की सिफारिशों एवं विवि के नियमों के अनुसार संपन्न होगी। नामांकन पत्रों की बिक्री 19 दिसंबर को सुबह 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक होगी। नामांकन पत्र 20 दिसंबर को जमा किए जाएंगे। 21 दिसंबर को दोपहर 1:00 बजे तक नाम वापसी का समय रहेगा। वैद्य प्रत्याशियों की सूची उसी दिन शाम को जारी होगी। मतदान 24 दिसंबर को सुबह आठ बजे से दोपहर 1:00 बजे तक होंगे। इसी दिन मतगणना के पश्चात विजयी प्रत्याशियों को शपथ ग्रहण कराया जाएगा। प्राचार्य प्रो. बंदना शर्मा ने कहा कि परिसर में प्रिंटेट पोस्टर, पंपलेट और बैनर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। ऐसा करने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। अधिसूचना के बाद प्राचार्य ने शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। निर्वाचन की निष्पक्ष तरीके से संपादित किए जाने के निर्देश दिए।

# छात्र सीखेंगे आत्मनिर्भर के गुर

चमोली : अब छात्र उच्च शिक्षा के साथ साथ छात्र उद्यमिता का प्रशिक्षण भी लेंगे। जिसमें समूह आदि के माध्यम से छात्र-छात्राएं आत्मनिर्भर के गुर सीखेंगे।

जिसके लिए डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत छात्र उद्यमिता एवं कौशल कार्यक्रम 2022-23 की शुरूआत की गई। कार्यक्रम शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डा. एमएस कंडारी ने पोस्टर लांच कर किया।

जिसके बाद महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद के प्रोजेक्ट फैकल्टी अनूप बिजल्वाण ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया की इस कार्यक्रम के अंतर्गत देश के समस्त शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता विकास कोष्ठ का गठन कर छात्रों में स्वयं सहायता समूह बनाकर छात्रों द्वारा उद्यमिता कौशल, व्यावसायिक एवं व्यापारिक गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस अवसर पर प्राचार्य डा. एमएस कंडारी ने कहा की इस कार्यक्रम से महाविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद मिलेगी। महाविद्यालय में छात्र हित को देखते हुए ऐसे कार्यक्रम और संभावनाएं भविष्य में भी तलाशी जाएंगी। कार्यक्रम में डा. आरसी भट्ट, डा. चंद्रावती टम्टा, डा. मृगांक मलासी, डा. हरीशचंद्र बहुगुणा, डा. सीमा पोखरियाल, डा. पंकज कुमार आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# पर्यावरण संरक्षण के लिए वनों को आग से बचाना जरूरी

नई टिहरी : द हंस फाउंडेशन की ओर से प्रतापनगर और जाखणीधार ब्लॉक के विभिन्न स्कूलों में वनाग्नि को लेकर जन जागरूकता अभियान के साथ संबंधित विषय पर प्रतियोगिताओं भी करवाई गई।

वक्ताओं ने कहा कि ठंड के मौसम में भी वनाग्नि की घटनाएं हो रही हैं, जो भविष्य के लिये शुभ संकेत नहीं हैं, पर्यावरण संरक्षण के लिए वनों को आग से बचाना जरूरी है। द हंस फाउंडेशन की ओर से प्रतापनगर ब्लॉक के राइंका लंबगांव, जीआईसी भेलुंता, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रौणद रमोला तथा जाखणीधार के जीआईसी जाखणीधार, अंजनीसैण सहित अन्य विद्यालयों में वनग्नि को लेकर जन जागरुकता अभियान चलाया गया। परियोजना समन्वयक रजनीश रावत ने बताया कि हंस फाउंडेशन की ओर से संचालित वनाग्नि रोकथाम एवं शमन परियोजना के तहत इस साल के शुरु से ही वनाग्नि रोकथाम के लिए जन सहभागिता बढ़ाने पर कार्य किया जा रहा है।

फाउंडेशन की ओर से विभिन्न स्कूलों में पर्यावरण, पारिस्थितिकी, वनाग्नि, पर्यावरण संरक्षण, जागरुकता और जन सहभागिता विषयों पर छात्रों के बीच पेंटिंग, लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं भी कराई गई। प्रतियोगिता में विजेताओं छात्रों को प्रशस्ति पत्र और समृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया है। बताया परियोजना के तहत चिन्हित ब्लॉक के प्रत्येक ग्राम पंचायत में छह वॉलेंटियर फायर फाइटर्स को चयनित करने का काम भी किया जा रहा है। मौके पर रोहित, योगेश, शकुंतला, केदार, महेश आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

## न्याय मिलने तक जारी रहेगा प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : पौड़ी बस अड्डा स्थित पीपलचौरी में अंकिता हत्याकांड के विरोध में डीएसओ और महिला सांस्कृतिक संगठन का धरना 20वें दिन भी जारी रहा।

शनिवार को धरने पर बैठी महिलाओं ने कहा कि जब तक इस मामले में पूरी तरह से न्याय नहीं मिल जाता है उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से इस मामले में बढ़-चढ़कर आगे आने की अपील की। (एजेंसी)

# ठगी का आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

नई टिहरी : मुनिकीरेती पुलिस ने दो माह से फरार चल रहे वांछित ठगी के आरोपी इंदनिल भट्टाचार्य पुत्र रणजीत भट्टाचार्य निवासी पांडव नगर पूर्वी दिल्ली को नोएडा के सेक्टर 19 से गिरफ्तार किया है। पुलिस की मीडिया सेल ने बताया कि डीपीजी के निर्देश पर वांछित आरोपियों को पकड़ने के लिए इन दिनों अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत एसएसपी नवनीत सिंह की गठित पुलिस टीम ने नोयडा से दो माह से फरार चल रहे ठगी के आरोपी को पकड़ा है। आरोपी के खिलाफ मुनिकीरेती थाने में वादी दिनेश कुमार पुत्र राकेश कुमार निवासी वीरभद्र देहरादून ने तहरीर दी कि आरोपी इंदनिल बीते सितंबर माह में उनके होटल रूद्रम में एक माह तक ठहरा, एटीएम से पैसे निकालने के बाद गायब हो गया। उनका लगभग 59 हजार का बिल भी नहीं दिया। तहरीर पर आरोपी के खिलाफ ठगी का मुकदमा दर्ज किया गया। पहले भी आरोपी कई होटल वालों को इसी तरह से चूना लगा चुका था। आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था। जिसके लिए एसएसपी ने टीम गठित की और टीम ने आरोपी को नोयडा से पकड़ा है। आरोपी को पकड़ने में पुलिस टीम में इंस्पेक्टर रितेश शाह, एसएसआई राजेश विष्ट, एसआई आशीष शर्मा, कांस्टेबल आशीष गुड़ियाल व अरविंद शामिल रहे। (एजेंसी)

## आईआरडीटी ने किया फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

देहरादून। शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान (आईआरडीटी) की ओर से फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह प्रोग्राम पांच से 16 दिसंबर तक चला। इसमें राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान और उद्योगों में कार्यरत कार्मिकों ने प्रतिभाग किया।

## नव नियुक्त जिला मंत्री का किया स्वागत

श्रीनगर गढ़वाल : कीर्तिनगर और मलेथा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नरेंद्र कुंवर को जिला मंत्री बनाए जाने की खुशी में रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि नरेंद्र को जिला मंत्री की जिम्मेदारी मिलने से कार्यकर्ताओं में खुशी है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश नेतृत्व एवं विधायक विनोद कंडारी का आभार भी जताया। भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रीति लखेड़ा ने कहा कि इससे संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। इस मौके पर अमित मेवाड़, राकेश मैठाणी, दीवान बिष्ट, उत्तम नेगी, विकास मेहरा, पंकज उनियाल, आशा पैन्यूली, बासुदेव भट्ट, राकेश बंगवाल, नरेश कोठियाल, शैलेश मलासी, मंगल सिंह, परविंदर पंवार, मुकेश लखेड़ा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)


## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रविन्द्र सिंह से बदलकर रविन्द्र सिंह रावत कर लिया है। भविष्य में मुझे रविन्द्र सिंह रावत पुत्र श्री गंगा सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**पता बलभद्रपुर, भंडारी कॉलोनी, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0754/25)

# सरकार और संगठन में बदलाव होगा



भारतीय जनता पार्टी के संगठन में बदलाव होने की चर्चा एक बार फिर तेज हो गई है। हालांकि अगर जेपी नड्डा की जगह नया अध्यक्ष नहीं बनता है और उनको ही लोकसभा चुनाव तक कार्यकाल का विस्तार मिलता है या दूसरा कार्यकाल मिलता है तब संगठन में ज्यादा बदलाव नहीं होगा। इसके बावजूद चर्चा इसलिए शुरू हुई है क्योंकि कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर अपनी सरकार में फेरबदल कर सकते हैं। उन्होंने दूसरी बार सरकार बनने के बाद पहली फेरबदल करीब ढाई साल के बाद की थी। अब एक साल बाद फिर फेरबदल की चर्चा है तो उसका कारण गुजरात चुनाव का प्रयोग है। ध्यान रहे गुजरात में चुनाव से एक-सवा साल पहले मुख्यमंत्री सहित सारे मंत्रियों को बदल दिया गया था। सारे पुराने और बड़े नेता सरकार से हटा दिए गए थे और बिल्कुल नए चेहरों को मौका दिया गया था।

उसी तरह का प्रयोग प्रधानमंत्री मोदी अपनी सरकार में भी कर सकते हैं। कहा जा रहा है कि मोदी की पहली सरकार से यानी मई 2014 से जो लोग मंत्री पद पर हैं उनमें से ज्यादातर को हटाया जा सकता है। सात या आठ साल से जितने लोग मंत्री हैं वे आशंकित हैं क्योंकि उनमें से ज्यादातर को बदले जाने की चर्चा है। उनकी जगह नए चेहरे लाए जा सकते हैं। हर राज्य में ऐसे नए चेहरों की पहचान हुई है। काफी नए और युवा लोगों को मंत्रिमंडल में लिए जाने की चर्चा है। हालांकि अभी बदलाव की टाइमिंग को लेकर कोई भरोसे में नहीं है। बजट से पहले या बजट के ठीक बाद, जब सरकार के नौ साल पूरे होंगे उस समय फेरबदल हो सकती है। जो भी हो, गुजरात मडल लागू होना है और इसका शिकार कई बड़े नेता भी हो सकते हैं।

# ऊर्जा संरक्षण दिवस : वक्त की जरूरत

**हमारे विद्युत उत्पादन केंद्रों की उत्पादन क्षमता इतनी नहीं है कि बढ़ती हुई मांग की पूर्ति कर सकें। यह बात विद्युत के संबंध में ही नहीं, बल्कि पेट्रोलियम पदार्थों के संबंध में भी लागू होती है। हमें इन मुद्दों पर ध्यान देना होगा। ऊर्जा बचत के उपायों को शीघ्रतापूर्वक और सख्ती से अमल में लाए जाने की जरूरत है। प्रत्येक नागरिक को इसमें जुट जाना चाहिए। बचत चाहे छोटे स्तर पर ही क्यों न हो, कारगर जरूर होगी क्योंकि बूंद-बूंद से ही सागर भरता है। संभल कर ऊर्जा के साधनों का इस्तेमाल करेंगे तो ही इनके भंडार भविष्य तक रह पाएंगे। कोशिश जमीन स्तर से की जाए तो आकाश टूने में समय नहीं लगेगा बशर्ते प्रत्येक नागरिक जागरूक हो। ऊर्जा की बचत करे तथा औरों को भी इसका महव बताए।**




**शशांक द्विवेदी**

पिछले 10 महीनों से यूक्रेन-रूस युद्ध चल रहा है। इस दरम्यान दुनिया भर में क्रूड आयल के दामों में तेजी की वजह से ईधन की कीमतें बढ़ी रहीं।

युद्ध की वजह से यूरोप बिजली, प्रातिक गैस और ऊर्जा संकट से जूझ रहा है और कुछ समय से पूरी दुनिया महंगाई व ऊर्जा संकट का सामना कर रही है। भारत अपनी जरूरत का 90 फीसदी क्रूड आयल आयात करता है। ऐसे में हम अपनी ईधन और ऊर्जा जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर हैं। किसी भी देश के आधारभूत विकास के लिए ऊर्जा का सतत और निर्बाध प्रवाह बहुत जरूरी है। किसी देश में प्रति व्यक्ति औसत ऊर्जा खपत वहां के जीवन स्तर की सूचक होती है। इस दृष्टि से दुनिया के देशों में भारत का स्थान काफी नीचे है।

देश की बढ़ती आबादी के उपयोग के लिए तथा विकास को गति देने के लिए ऊर्जा की हमारी मांग भी बढ़ रही है। द्रुत गति से विकास के लिए औद्योगीकरण, परिवहन और षि के विकास पर ध्यान देना होगा। इसके लिए ऊर्जा की आवश्यकता है।

दुर्भाग्यवश खनिज तेल, पेट्रोलियम, गैस, उत्तम गुणवत्ता के कोयले के हमारे प्रातिक संसाधन बहुत सीमित हैं। हमें बहुत सा पेट्रोलियम आयात करना पड़ता है। विद्युत की हमारी मांग उपलब्धता से बहुत ज्यादा है। आवश्यकता के अनुरूप विद्युत का उत्पादन नहीं हो पा रहा है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने यह अनुमान जताते हुए कहा है कि वित्त वर्ष 2021-22 में अखिल भारतीय स्तर पर बिजली की मांग 1,380 अरब यूनिट थी। भारत करीब 200 गीगावट यानी करीब 70त्न बिजली का उत्पादन कोयले से चलने वाले प्लांट्स से करता है, लेकिन ज्यादातर प्लांट्स बिजली की बढ़ती मांग और कोयले की कमी की वजह से बिजली की अपेक्षित सप्लाई कर पा रहे हैं। देश के कोयले से चलने वाले बिजली प्लांट्स के पास पिछले 9 सालों में सबसे कम कोयले का भंडार बचा है। इस संकट की प्रमुख वजह है कोयले का आयात घटना। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े कोयला आयातक भारत ने पिछले वर्षो से लगातार अपना आयात घटाने की कोशिश की। लेकिन इस दौरान घरेलू कोयला सप्लायर्स ने उतनी ही तेजी से उत्पादन नहीं बढ़ाया। इससे सप्लाई गैप पैदा हुआ।

अब इस गैप को सरकार चाहकर भी नहीं भर सकती क्योंकि रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कोयले की कीमत 400 डलर यानी 30 हजार रुपये प्रति टन के रिकर्ड स्तर पर पहुंच गई है। भारत करीब 20 करोड़ टन कोयला इंडोनेशिया, चीन और अस्ट्रेलिया से आयात करता है लेकिन अक्टूबर, 2021 के बाद इन देशों से आयात घटना शुरू हो गया और अब भी इन देशों से आयात प्रभावित है। नतीजतन, बिजली कंपनियां कोयले के लिए पूरी तरह कोल इंडिया पर निर्भर हो गई। भविष्य उज्जवल बनाए रखने के लिए वर्तमान परिस्थितियों में सभी तरह की ऊर्जाओं तथा ईधन की बचत अत्यंत आवश्यक है क्योंकि आज बचत करेंगे तो ही भविष्य सुविधाजनक रह पाएगा।

हमारे विद्युत उत्पादन केंद्रों की उत्पादन क्षमता इतनी नहीं है कि बढ़ती हुई मांग की पूर्ति कर सकें। यह बात विद्युत के संबंध में ही नहीं, बल्कि पेट्रोलियम पदार्थों के संबंध में भी लागू होती है। हमें इन मुद्दों पर ध्यान देना होगा। ऊर्जा बचत के उपायों को शीघ्रतापूर्वक और सख्ती से अमल में लाए जाने की जरूरत है। प्रत्येक नागरिक को इसमें जुट जाना चाहिए। बचत चाहे छोटे स्तर पर ही क्यों न हो, कारगर जरूर होगी क्योंकि बूंद-बूंद से ही सागर भरता है। संभल कर ऊर्जा के साधनों का इस्तेमाल करेंगे तो ही इनके भंडार भविष्य तक रह पाएंगे। कोशिश जमीन स्तर से की जाए तो आकाश टूने में समय नहीं लगेगा बशर्ते प्रत्येक नागरिक जागरूक हो। ऊर्जा की बचत करे तथा औरों को भी इसका महव बताए।

भोजन, प्रकाश, यातायात, आवास, स्वास्थ्य की मूलभूत आवश्यकताओं के साथ मनोरंजन, दूरसंचार, सुख संसाधन, पर्यटन जैसी आवश्यकताओं में भी ऊर्जा के विभिन्न रूपों ने हमारी जीवन शैली में अनिवार्य स्थान बना लिया है। इस सब में भी बिजली ऊर्जा वह प्रकार है, जो सबसे सुगमता से हर कहीं सदैव हमारी सुविधा के लिए सुलभ है। इधर आपने बटन दबाया और फट से बिजली सेवा में हाजिर हुई। यही कारण है कि अन्य ऊर्जा विकल्पों को बिजली में बदल कर ही उपभोग किया जाता है।

ऊर्जा बचत में सबका सहयोग अत्यंत आवश्यक है। यदि ऊर्जा का उपयोग सोच-समझ कर नहीं किया गया तो इसका भंडार जल्द समाप्त हो सकता है। प्रति पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही हमारी भावी पीढियों का भी है, जब हम अपने पूर्वजों के लगाए वृक्षों के फल खाते हैं, उनकी संजोई धरोहर का उपभोग करते हैं, तो हमारा दायित्व है कि हम भी भविष्य के लिए नैसर्गिक संसाधनों को सुरक्षित छोड़ कर जाएं, कम से कम अपने निहित स्वार्थों के चलते उनका दुरुपयोग तो न करें अन्यथा भावी पीढ़ी और प्रति माफ नहीं करेगी। कोरोना महामारी के बाद वैश्विक परिदृश्य बदल गया है। हमें हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना होगा।

# गर्म कपड़े पहनने पर भी लगती है ठंड तो आपको हो सकती है ये बीमारियां



सर्दियों में हाथों और पैरों का ठंडा होना सामान्य है। हालाँकि जिस समय हम कड़ाके की ठंड के संपर्क में आते हैं, तो हमारे हाथ-पैरों के ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाते हैं। सर्दी के मौसम में हमारी बडी हमारे जरूरी अंगों तक हेल्दी ब्लड सर्कुलेशन को सुनिश्चित करती है, ताकि वो गर्म रहें। जी हाँ और इस प्रोसेस से हमारे हाथों में ब्लड सर्कुलेशन के अमाउंट में बदलाव के कारण वो ठंडे हो जाते हैं। वैसे तो सर्दियों में हाथ और पैरों को ठंडे होना एक आम समस्या है, लेकिन अगर गर्म कपड़े पहनने के बाद भी यह गर्म न हों या हमेशा ही ठंडे रहें, तो यह गंभीर बीमारी के बारे में इशारा करते हैं। आइए बताते हैं इसके बारे में।

**विंटर में हाथ-पैर ठंडे रहने के कारण**

कुछ लोगों के बिना इसी अंडरलायिंग डिजीज के नैचुरली हाथ और पैर ठंडे रहते हैं। ऐसे में उन्हें सिर्फ अतिरिक्त ध्यान रखना चाहिए। हालाँकि इसका कारण बनने वाली बीमारियां इस प्रकार हैंरू

**पुअर सर्कुलेशन**

पुअर सर्कुलेशन विंटर में पैरों और हाथों के ठंडे होने का सामान्य कारण है। जैसे ही टेम्प्रेचर कम होता है, हमारा शरीर कोर को गर्म रखने का काम करता है। ऐसे में ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाते हैं और शरीर के कोर पार्ट तक ब्लड सर्कुलेशन कम होती है जिससे हाथ और पैर ठंडे हो जाते हैं।

**एनीमिया**

एनीमिया की समस्या उस समय होती है, जब किसी व्यक्ति में रेड ब्लड सेल्स की संख्या कम हो जाती है। ऐसा आयरन, बी12 की कमी या किसी क्रनिक किडनी डिजीज के कारण हो सकता है। जी हाँ और इसके कारण भी हाथ और पैर ठंडे रह सकते हैं। **डायबिटीज-** अगर आपको डायबिटीज है, तो आपको विंटर में खास ध्यान रखने की जरूरत है क्योंकि इससे भी सर्कुलेशन प्रब्लम्स हो सकती हैं खासतौर पर पैरों और हाथों में।

**हाइपोथायरायडिज्म**अंडरएक्टिव थायराइड ग्लैंड, थयरइड हर्मोन के


विंटर में हाथ-पैर ठंडे रहने के कारण
कुछ लोगों के बिना इसी अंडरलायिंग डिजीज के नैचुरली हाथ और पैर ठंडे रहते हैं। ऐसे में उन्हें सिर्फ अतिरिक्तध्यान रखना चाहिए। हालाँकि इसका कारण बनने वाली बीमारियां इस प्रकार हैं।
पुअर सर्कुलेशन
पुअर सर्कुलेशन विंटर में पैरों और हाथों के ठंडे होने का सामान्य कारण है। जैसे ही टेम्प्रेचर कम होता है, हमारा शरीर कोर को गर्म रखने का काम करता है। ऐसे में ब्लड वेसल्स सिकुड़ जाते हैं और शरीर के कोर पार्ट तक ब्लड सर्कुलेशन कम होती है जिससे हाथ और पैर ठंडे हो जाते हैं।
एनीमिया
एनीमिया की समस्या उस समय होती है, जब किसी व्यक्ति में रेड ब्लड सेल्स की संख्या कम हो जाती है। ऐसा आयरन, बी12 की कमी या किसी क्रनिक किडनी डिजीज के कारण हो सकता है। जी हाँ और इसके कारण भी हाथ और पैर ठंडे रह सकते हैं।
डायबिटीज- अगर आपको डायबिटीज है, तो आपको विंटर में खास ध्यान रखने की जरूरत है क्योंकि इससे भी सर्कुलेशन प्रब्लम्स हो सकती हैं खासतौर पर पैरों और हाथों में।


लो लेवल को प्रोड्यूज करते हैं जिनका मेटाबलिज्म पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे सर्कुलेशन और बडी टेम्प्रेचर पर बुरा असर हो सकता है।

# ताइवान की चिंता



ताइवान जैसी ही चिंता यूरोपियन यूनियन में भी है। दोनों जगहों पर यह सवाल पूछा जा रहा है कि उनकी इंडस्ट्री को अपने यहां ले जाकर अमेरिका आखिर ये कैसी दोस्ती निभा रहा है?

अमेरिका ने ताइवान की सबसे कीमती कंपनी को अपने यहां ले जाने की जो प्रक्रिया शुरू की है, उसको लेकर ताइवान में चिंता गहराना लाजिमी है। दरअसल, ऐसी ही चिंता यूरोपियन यूनियन में भी है, जहां की कंपनियों को अमेरिका अपने यहां ले जाने में लगा है। अमेरिका ने इसके लिए जो सब्सिडी घोषित की है, उसका मुकाबला करना यूरोपीय देशों के लिए मुश्किल हो रहा है। तो वहां यह सवाल पूछा जा रहा है कि अमेरिका आखिर ये कैसी दोस्ती निभा रहा है? यही सवाल ताइवान में भी उठा है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी टीएसएमसी का प्लांट अमेरिका में लगवाने की जो बाइडेन प्रशासन की नीति से वहां नाराजगी फैली है। इसको लेकर वहां की संसद में बहस हो चुकी है। टीएसएमसी ने बीते हफ्ते अमेरिका के एरिजोना में 40 बिलियन डलर की लागत से बनने वाले अपने संयंत्र का शिलान्यास किया। इस मौके पर खुद अमेरिका राष्ट्रपति बाइडेन उपस्थित हुए। इस घटनाक्रम से ताइवान के राजनीतिक और कारोबारी हलकों में ये संदेह गहराया है कि अमेरिका ताइवान की सबसे मूल्यवान कंपनी को अपने यहां शिफ्ट कराने की कोशिश में है। इसके अलावा वह टीएसएमसी को जापान और यूरोप में भी संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

ताइवान में सवाल उठा है कि क्या अमेरिका ने मान लिया है कि देर-सबेर चीन ताइवान पर कब्जा कर लेगा? क्या इसलिए वह उससे पहले ही आज के दौर में सबसे महवपूर्ण मानी जा रही इंडस्ट्री को ताइवान से निकाल लेना चाहता है? टीएसएमसी सबसे उन्नत किस्म के चिप का उत्पादन करती है। उसके चिप का इस्तेमाल एपलसे लेकर क्वैलकम जैसी बड़ी कंपनियां करती हैं।

इसलिए ताइवान में टीएसएमसी को राष्ट्रीय धरोहर माना जाता है। ताइवान में यह धारणा रही है कि टीएसएमसी का आज दुनिया की अर्थव्यवस्था में इतना महव है कि उसके रहते दुनिया ताइवान पर चीन का कब्जा नहीं होने देगी। अमेरिका सहित तमाम देश इस कंपनी को बचाने के मकसद से भी ताइवान की रक्षा में खड़े होंगे। इसीलिए इसे ताइवान में शसिलिकन शील्ड कहा जाता है। लेकिन ताइवान के लोगों को उचित ही यह लग रहा है कि वह कवच उनसे छीना जा रहा है।

# ट्रिपल सी का धूम धड़ाका

**अजय दीक्षित**

आपने ट्रिपल आईट्रीक्र का नाम सुना होगा । एक है-- आईआईटी. अर्थात् इण्डियन इन्स्टिट्यूट अफ टेक्नोलजी और दूसरा है ट्रिपल आईटी. अर्थात् इण्डियन इन्स्टिट्यूट अफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलजी । इसी तर्ज पर ट्रिपल सी का प्रयोग चलन में है । अर्थात् कमन सिविल कोड हिन्दी में समान नागरिक संहिता । इसका मतलब है कि पूरे देश में सिविल मामलों में सभी के लिए एक ही कानून होगा । सिविल मामले यानि विवाह, तलाक, गोद लेना, पारिवारिक सम्पत्ति का बंटवारा, स्त्री-पुरुष सम्बन्ध, उत्तराधिकार के नियम, आदि-आदि, यानि लोगों के जीवन की दैनिक दिनचर्या सम्बन्धी मामलों में समान नियम ।

**ईसाई गिरजाघर में जाकर वचन पढ़ते हैं और विवाह सम्पन्न माना जाता है । आदिवासी समाज में अलग-अलग समुदायों में अलग-अलग प्रथा है । तलाक के नियम भी अलग-अलग है । अभी तक विभिन्न सम्प्रदाय अपने धर्म या प्रथा का पालन करते हैं । आप बतलायें कि क्या भारत में सात फेरों के बाद ही विवाह माना जायेगा ? क्या यह मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों को मान्य होगा ? आदिवासी समाज में टूट की अपनी प्रथा है । असल में बिना पढ़े, बिना मनन किये, राजनैतिक दलों के सड़क छाप नेता अपनी बात रखते हैं । इन्हें न तो प्रथा, न संस्कार, न रीति-रिवाज और न ही नैतिकता का पता है ।**

भारत एक विविधा भरा देश है । हमारे संविधान में भारत को यूनियन अफ स्टेटस कहा गया है यानि राज्यों का संघ । भारत में कई धर्म वाले, कई सम्प्रदाय वाले, भिन्न-भिन्न कुनबा वाले, भिन्न-भिन्न जाति, समुदाय के सदस्य रहते हैं । एन्थोपोलोजीकल सर्वे अफ इण्डिया ने एक सौ खण्डों की किताब छापी है-- पीपुल अफ इण्डिया । उसमें भारत के विभिन्न सम्प्रदायों, कुनबों, जातियों, धर्मों, सम्प्रदायों के रीति रिवाज, उनके रहन-सहन, उनके तौर-तरीकों का जिक्र है ।

अब जब से केन्द्र में भाजपा सरकार आई है और विभिन्न राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं वे समान नागरिक संहिता की बात करने लगे हैं । पिछले दिनों राज्यसभा में भाजपा के एक सांसद ने प्राइवेट बिल रक्खा समान नागरिक संहिता का । पहले तो इसे भाजपा के शीर्षस्थ नेतृत्व ने मना किया परन्तु बाद में बिल का समर्थन किया । बिल का विरोध करने वालों में न केवल मुसलमान थे अपितु बहुत से राजनैतिक दलों के हिन्दू, ईसाई, सिख, पारसी, जैन और बौद्ध भी थे । उनका कहना था कि भारत विविधताओं से भरा देश है । यहां कमन सिविल कोड लागू नहीं किया जा सकता । परन्तु उपराष्ट्रपति जो राज्यसभा के अध्यक्ष भी हैं, उन्होंने विचार के लिए बिल को पेश करने की स्वीति दे दी ।

असल में, बहुसंख्य हिन्दुओं वाली भाजपा मुसलमानों को सबक सिखाने के लिए यह बिल लाना चाहती है । उन्हें सखघ्त एतराज है कि कोई मुसलमान चार शादियां कैसे कर सकता है । वह अपने दीनी मदरसे कैसे चला सकता है, यूं हिन्दुओं में भी ऐसी पाठशालाएं हैं जहां कम उम्र के बच्चों को ईश्वरीय शिक्षा दी जाती है ।

असल में गुजरात, उत्तराखण्ड, मध्यप्रदेश, कर्नाटक आदि भाजपा शासित राज्यों ने अपने-अपने राज्यों में समान नागरिक संहिता के लिए प्रतिबद्धता जताई है । अब यह तो समान नहीं हुआ ? यदि देश में समान नागरिक संहिता लानी ही है तो फिर केन्द्र सरकार पहल करे । मेरी राय में भारत में समान नागरिक संहिता आग से खेलना है । यह विविधताओं भरा देश है । एक उदाहरण लेते हैं-- विवाह । मुसलमानों में विवाह कान्ट्रेक्ट है-- हिन्दुओं में वह संस्कार है, ईसाइयों में वह रीति है, आदिवासी समाज में वह प्रथा है । सिख गुरुद्वारे में जाकर गुरु ग्रन्थ साहब के साथ नतमस्तक हो जाते हैं उसे विवाह मान लिया जाता है । ज्यादातर हिन्दू समाज में यह संस्कार है जो सात फेरों के बाद पूरा होता है । ईसाई गिरजाघर में जाकर वचन पढ़ते हैं और विवाह सम्पन्न माना जाता है । आदिवासी समाज में अलग-अलग समुदायों में अलग-अलग प्रथा है । तलाक के नियम भी अलग-अलग है । अभी तक विभिन्न सम्प्रदाय अपने धर्म या प्रथा का पालन करते हैं । आप बतलायें कि क्या भारत में सात फेरों के बाद ही विवाह माना जायेगा ? क्या यह मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों को मान्य होगा ?

आदिवासी समाज में टूट की अपनी प्रथा है । असल में बिना पढ़े, बिना मनन किये, राजनैतिक दलों के सड़क छाप नेता अपनी बात रखते हैं । इन्हें न तो प्रथा, न संस्कार, न रीति-रिवाज और न ही नैतिकता का पता है । सरकारी नौकर दो शादी नहीं कर सकता । परन्तु दो-दो बीवियां रखकर व केन्द्र में मंत्री बन सकता है । रामविलास पासवान की दो पत्नियां रही हैं । दोनों से बच्चे भी हैं । मध्य प्रदेश में एक विधायक या मंत्री की चार पत्नियां हैं ।

हिन्दुओं में शादी संस्कार है । वह सोलह संस्कार में से एक है । अब यदि कोई विवाह के बाद चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में विवाह के कलम को सादाध्खाली छोड़ देता है, तो वह वैध कैसे है ? परन्तु भारत में नियम आदमी की हैसियत देखकर लागू होते हैं । सतयुग में शिव जी ने सती का त्याग इसलिए किया था कि सती ने सीता का भेष रखकर परीक्षा लेनी चाहिए थी । अब क्योंकि शिव जी सीता जी को माता मानते हैं तो सती भी माता हो गई तो फिर वे सती को पत्नी कैसे मान सकते हैं । सभी जानते हैं कि त्रेता युग में राम ने एक साधारण नागरिक के कहने पर सीता का त्याग किया है । द्वापर में कहते हैं ष्ण ने रुक्मणी का त्याग करके चौंसठ हजार शादियां की थीं । कलयुग में कितने अपनी पत्नी का त्याग किया, सभी जानते हैं ।

सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास में सब का क्या अर्थ है । अच्छा हो कि सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता और धुरन्धर हिन्दू धर्म शास्त्र ठीक से पढ़ लें । तो उन्हें राम और ष्ण की सर्व समावेशी समाज की कल्पना की कुछ समझ आ जायेगी । पर्दे के पीटे का खेल बन्द होना चाहिये । यह भारत यदि मुसलमानों का नहीं है तो साफ तौर पर सरकार कहे कि वे दोयम दर्जे के नागरिक हैं । यूं सत्ताधारी दल के कुछ सिरफिरे मुसलमानों को पाकिस्तान जाने की सलाह दे चुके हैं । आज नेहरू के कामों और निर्णयों की बहुत आलोचना होती है । ऐसा न हो कि आने वाला समय वर्तमान सत्ताधारियों को भी कोसे । सद् बुद्धि ही समतामूलक समाज बना सकती है ।

हमारा उद्देश्य किसी की आलोचना करना नहीं है । किसी की गलती निकालना भी नहीं है । हम किसी खास विचारधारा के पक्षपाती भी नहीं है । हम तो भारत को विश्व का सिरमौर देखना चाहते हैं और यह ताज यदि मोदी जी को मिले तो हम तो प्रश्न ही होंगे ।

# चेहरे पर लगाती हैं नारियल का तेल तो हो जाए सावधान..

चेहरे के दाग-धब्बे मिटाने के लिए महिलाएं कई तरह के नुस्खे इस्तेमाल करती हैं। जी हाँ और इसी लिस्ट में से एक है नारियल का तेल। नारियल का तेल लोग खाने में शामिल करते हैं क्योंकि इसमें पाए जाने वाले गुण और पोषक तत्व त्वचा के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। इसको चेहरे से लेकर शरीर तक पर लगाया जाता है। ऐसा कहा जाता है चेहरे पर नारियल तेल लगाने से स्किन की कई समस्याएं दूर होती हैं। नारियल के तेल में फैटी एसिड, एंटीबैक्टीरियल गुण, विटामिन-ई, प्रोटीन, आयरन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। आपको बता दें कि चेहरे पर नियमित नारियल तेल लगाने से त्वचा को कई फायदे होते हैं लेकिन ज्यादा नारियल तेल लगाना भी आपकी त्वचा पर कई समस्याएं खड़ी कर सकता है। आज हम आपको इसी के बारे में बताने जा रहे हैं।

नारियल तेल चेहरे पर लगाने के नुकसान- जी दरसल नारियल तेल में विटामिन-ई, फैटी एसिड



और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। इसका इस्तेमाल आप एक सीरम के तौर पर भी कर सकते हैं लेकिन कई लोगों के लिए यह नुकसानदायक भी हो सकता है। इससे उनकी त्वचा में एलर्जी और कई स्किन प्रब्लम्स हो सकती हैं।

स्किन पर हो सकते हैं मुहांसे- ज्यादा नारियल तेल चेहरे पर लगाने से त्वचा पर पिंपल्स की समस्या बड़ सकती है। जी हाँ और इसके अलावा चेहरे पर अयल और गंद्गी जमा होने लगती है। इसकी वजह से आपके चेहरे पर मुंहासे और पिंपल्स की समस्या बढ़ सकती है।

स्किन हो सकती है अयली- चेहरे पर ज्यादा इस तेल को लगाने से स्किन पर अयल भी बढने लगता है जिसके कारण चेहरे पर धूल-मिट्टी जमा होने लगती है। जी हाँ और लंबे समय तक चेहरे पर नारियल तेल लगाने से स्किन भी अयली होने लगती है।बढ़ सकते हैं चेहरे पर बाल- चेहरे पर ज्यादा नारियल तेल लगाने से बाल भी बढ़ सकते हैं। नारियल तेल से उगने वाले बाल हल्के नहीं बल्कि मोटे होते हैं, इस वजह से अगर आपके चेहरे पर बाल बढ़ रहे हैं तो नारियल तेल का इस्तेमाल न करें।चेहरे पर हो सकती है एलर्जी- ज्यादा नारियल तेल लगाने से भी स्किन पर एलर्जी हो सकती है। जी हाँ और नारियल तेल की तासीर गर्म होती है और गर्मी के मौसम में स्किन पर नारियल तेल ज्यादा इस्तेमाल करने से स्किन खराब भी होने लगती है।

# रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रल को नियंत्रित करता है पत्ता गोभी, यहां जानिए इसके स्वास्थ्य लाभ

पत्ता गोभी में मौजूद एंटीअक्सीडेंट अल्जाइमर जैसी समस्याओं से बचाते हैं। वजन घटाने के लिए गोभी को डाइट में शामिल करें।

पत्ता गोभी का सेवन आपकी त्वचा और बालों के लिए फायदेमंद होता है।पत्ता गोभी के स्वास्थ्य लाभ रू फिट और स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है कि सब्जियों को आहार में शामिल किया जाए, सब्जियां शरीर में पोषक तत्वों की आपूर्ति करती हैं।

ऐसे में पत्ता गोभी आपकी सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है। पत्ता गोभी ज्यादातर सभी को पसंद होती है, इसका इस्तेमाल सिर्फ सब्जी के तौर पर ही नहीं बल्कि कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाने में भी किया जाता है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है, इसलिए वजन घटाने के लिए डाइटिंग करने वालों के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें विटामिन और मिनरल भरपूर मात्रा में मौजूद होते हैं, जो आपकी सेहत को कई फायदे देते हैं।

पत्ता गोभी का सेवन न सिर्फ दिल की बीमारियों को दूर करने में मदद्गार होता है बल्कि यह आपकी त्वचा और बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है।

# चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं राहुल गांधी: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। भाजपा प्रमुख ने कहा कि उनके बयान की जितनी आलोचना की जाए वो कम, उनका बयान सेना के मनोबल को तोड़ने वाला है। तवांग में ताजा घटनाक्रम के बाद कांग्रेस नेता ने बयान दिया था कि अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिक भारतीय सेना के जवानों की पिटाई कर कर रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने अपनी आधिकारिक ब्रीफिंग के दौरान कहा कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे रिमोट से कंट्रोल नहीं हैं और अगर विपक्षी पार्टी देश के साथ खड़ी है, तो गांधी को उनकी टिप्पणियों के लिए पार्टी से निष्कासित किया जाना चाहिए, क्योंकि वो भारत को कमजोर करते हैं और अपने सशस्त्र बलों का मनोबल तोड़ते हैं।

भाटिया ने राहुल गांधी की तुलना कन्नौज के राजा जयचंद से की, जिन्हें



भारतीय इतिहास में एक विश्वासघाती के रूप में पेश किया जाता है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि उन्होंने लगातार सशस्त्र बलों के मनोबल को तोड़ने की कोशिश की है, चाहे वह आतंक पर सर्जिकल स्ट्राइक हो या पाकिस्तान में आतंकी शिविर पर एयर स्ट्राइक हो या गलवान घाटी में झड़प हो।

भाजपा नेता ने कहा कि गांधी ने कथित तौर पर पाकिस्तान के अंदर आतंकवादियों पर सशस्त्र बलों के हमलों के सबूत मांगे। उन्होंने प्रधानमंत्री को सरेंडर मोदी कहा।

भाटिया ने कहा, कांग्रेस नेता को अपने बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि माफी से उनका पाप तो नहीं धुलेगा लेकिन कम से कम यह जरूर दिखाएगा कि उन्हें अपनी गलती का अहसास हो गया है।

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शुक्रवार को जयपुर में एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है। उन्होंने सरकार पर इसे अनदेखा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है और कहा कि सरकार सो रही है और इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।

वहीं, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर चीन के नाम पर भय फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि क्या विपक्षी नेता का सशस्त्र बलों से भरोसा उठ गया है। राहुल गांधी के बयान की आलोचना करते हुए ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष जब चीनियों के साथ सूप पीने में व्यस्त थे, तब भारतीय सैनिक डोकलाम में चीनी जवानों से लड़ रहे थे।ठाकुर ने कहा, इन लोगों को चीन के नाम पर डर फैलाने की आदत है। लेकिन यह 1962 का भारत नहीं है, यह 2014 का भारत है। भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। केंद्रीय मंत्री आगे कहा कि यूपीए शासन के दौरान तत्कालीन सरकार ने सशस्त्र बोलं को बुलेटप्रुफ जैकेट या राफेल फाइटर जेट के साथ सशक्त नहीं किया। उन्होंने कहा, आज भारत में तीन सौ से ज्यादा रक्षा वस्तुएं बनाई जा रही हैं। भारत अब रक्षा उपकरणों का निर्यातक है, आयातक नहीं। यह आत्मनिर्भर भारत है।

कांग्रेस ने तवांग सेक्टर में दोनों देशों के सैनिकों के बीच झड़प की घटना को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक बार फिर निशाना साधा और सवाल किया कि वह इस विषय पर संसद में चर्चा क्यों नहीं होने दे रहे और देश को भरोसे में क्यों नहीं ले रहे।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री का यह राजनीतिक कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है कि वह इस मुद्दे से जुड़े सवालों पर अपने श्मन की बातश करें। रमेश ने अपने बयान में प्रधानमंत्री से सात सवाल पूटे और कहा, यह प्रधानमंत्री का राजनीतिक कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है कि वह इन सात सवालों पर अपने श्मन की बातश करें। राष्ट्र जानना चाहता है।

उन्होंने सवाल किया, 20 जून, 2020 को आपने (प्रधानमंत्री) क्यों कहा कि पूर्वी लद्दाख में चीन द्वारा कोई घुसपैठ नहीं हुई? आपने चीन को यह अनुमति क्यों दी कि वह हमारे सैनिकों को उन हजारों किलोमीटर के क्षेत्र में जाने से रोके जहां वे मई, 2020 से पहले नियमित रूप से गश्त किया करते थे?

रमेश ने यह भी पूछा, ष्आपने श्माउंटेन स्ट्राइक कोरश बनाने को लेकर् 17 जुलाई, 2013 को कैबिनेट द्वारा स्वीत की गई योजना को क्यों त्याग दिया? आपने चीनी कंपनियों को पीएम केयर फंड में अंशदान क्यों देने दिया? आपने पिछले दो वर्षों में चीन से आयात को रिकर्ड स्तर पर क्यों बढ़ने दिया?

## अगले वर्ष पोलैंड में खाद्य कीमतों में गिरावट की संभावना नहीं : मंत्री

**वारस ,एजेंसी।** कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री हेनरिक कोवाल्स्की ने कहा कि पोलैंड में खाद्य कीमतों में अगले साल गिरावट नहीं आएगी, सरकार का लक्ष्य उन्हें बहुत तेजी से बढने नहीं देना है। दुर्भाग्य से खाद्य कीमतें केवल किसानों पर निर्भर नहीं करती हैं, ऊर्जा की लागत, उन पर मुख्य प्रभाव डालती है।उन्होंने कहा कि पोल्स को देश की खाद्य सुरक्षा के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि पोलैंड एक बड़ा खाद्य उत्पादक और निर्यातक है। मंत्री ने कहा,पिछले साल का खाद्य निर्यात लगभग 40 अरब यूरो (42 अरब डलर) था, इस साल का निर्यात और भी बड़ा था, जिसका मतलब है कि हमारे पास भंडार है।पोलैंड में यूक्रेनी अनाज के आगमन और देश में अनाज की कीमतों पर इसके संभावित प्रभाव के बारे में पोलिश किसानों द्वारा व्यक्त की गई शंकाओं का उल्लेख करते हुए कोवाल्जिक ने कहा कि ऐसी समस्या नहीं है।

## अक्षय ऊर्जा उत्पादन में कर्नाटक अग्रणी राज्य: बोम्मई

**बेंगलुरु ,एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में लगभग दो लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ है और अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में राज्य अग्रणी बन जाएगा।

श्री बोम्मई ने आज यहां केंद्रीय प्रातिक गैस और पेट्रोलियम, शहरी विकास और आवास मंत्री ड. हरदीप सिंह पुरी के साथ भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 के पूर्वावलोकन कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर श्री बोम्मई ने कहा कि देश की 46 प्रतिशत बिजली का उत्पादन कर्नाटक में होता है। कर्नाटक ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य है। जहां एशिया में पहला पनबिजली संयंत्र शुरू किया। राज्य में 31 हजार मेगा वाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है, जिसमें से आधा नवीकरणीय ऊर्जा है। उन्होंने कहा कि बैंगलोर के पास एक सौर पार्क स्थापित किया गया है। देश की 46 प्रतिशत बिजली कर्नाटक में उत्पादित की जा रही है। लेकिन बिजली भंडारण एक चुनौती है। अक्षय ऊर्जा का उपयोग बिजली उत्पादन और भंडारण बढ़ाने के लिए किया जाता है। प्रदेश में हाइड्रोजन विज्ञान के क्षेत्र में पूंजी निवेश भी हो रहा है। इसके अलावा समुद्री जल से अमोनिया के उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जीवाश्म ईंधन के कम इस्तेमाल और आर्थिक विकास के बीच संतुलन बनाना चाहिए।

## तेलंगाना : घर में लगी भीषण आग, एक ही परिवार के 6 लोग जिंदा जले

**मंचेरियल ,एजेंसी।** बड़ी खबर तेलंगाना से है। यहां के मंचेरियल में एक दर्दनाक घटना की खबर है। यहां मंदामरी मंडल के एक घर में लगी भीषण आग में एक ही परिवार के 6 लोग जिंदा जलकर मर गए। घर के मालिक 50 साल के शिवय्या, उनकी 45 साल की पत्नी पदमा, पद्मा की बड़ी बहन की 23 साल की बेटी मौनिका, उसकी दो बच्चियां और एक अन्य महिला इस भयंकर हादसे का शिकार हुईं। मंदामरी सर्कल के पुलिस निरीक्षक प्रमोद कुमार ने कहा, शिवय्या अपनी पत्नी पद्मा मंदमरी मंडल के साथ वेंकटपुर में अपने घर पर रहते थे। दो दिन पहले पद्मा की भतीजी मौनिका दो बेटियों और शांतैया नाम की एक महिला के साथ आई थी और उसी घर में रह रही थी।

## जर्मनी के उच्च सदन ने बिजली व गैस के मूल्य निर्धारण को दी मंजूरी

**बर्लिन ,एजेंसी।** जर्मन बुंडेसराट या संसद के ऊपरी सदन ने तथाकथित ऊर्जा मूल्य ब्रेक को मंजूरी दे दी है, जो उपभोक्ताओं और व्यवसायों पर उच्च कीमतों के प्रभाव को कम करने के लिए यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में बिजली और गैस की कीमतों को सीमित करेगा। चांसलर ओलाफ शोल्ज ने एक ट्वीट में कहा, गैस, बिजली और डिस्ट्रिक्ट हीटिंग के लिए मूल्य ब्रेक आ रहे हैं! यह अच्छी बात है कि बुंडेस्टाग और बुंडेसराट ने फैसला किया है।

मूल्य ब्रेक मार्च 2023 से लागू होने हैं, लेकिन उपभोक्ताओं को जनवरी और फरवरी में एकमुश्त भुगतान भी मिलता है।ऊर्जा संकट के बीच खपत को कम करने के लिए प्रोत्साहन देने के लिए गैस और बिजली की कीमतों को पिछले औसत खपत के केवल 80 प्रतिशत तक सीमित कर दिया गया है।ऊर्जा मूल्य ब्रेक को वित्तपोषित करने के लिए जर्मन सरकार आर्थिक स्थिरीकरण कोष के माध्यम से 200 बिलियन यूरो तक प्रदान कर रही है, जिसे मूल रूप से कोविड-19 महामारी के दौरान राज्य सहायता वितरित करने के लिए स्थापित किया गया था।कुल 95 अरब यूरो के महंगाई राहत पैकेज को भी इस साल पास किया गया।

## जनसंकल्प यात्रा : भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा

**मांड्या ,एजेंसी।** कर्नाटक में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जनसंकल्प यात्रा के जरिये चुनावी तैयारी शुरू कर चुकी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने मांड्या में चुनावी बिगुल फूंक दिया और कांग्रेस पर जमकर कर निशाना साधा।

इस अवसर पर आयोजित समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस. येदियुरप्पा उपस्थित थे। समारोह में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधा और मांड्या जिले के मतदाताओं से अगले चुनाव में भाजपा का समर्थन करने और राज्य में भाजपा सरकार को फिर से सत्ता में लाने की अपील की।

मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा कि पांडवपुर को न्याय दिलाने के लिए भाजपा को जीतना होगा। मांड्या की जनता ने हमेशा श्री येदियुरप्पा की लंबी राजनीति का समर्थन किया है और वे चार बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। इस बार श्री येदियुरप्पा ने फिर से भाजपा सरकार लाने का फैसला किया है, इसलिए वे जन संकल्प यात्रा का नेतृत्व करते हुए राज्य का दौरा कर रहे हैं। 2023 राज्य में इतिहास रचने वाला चुनाव है। सरकार द्वारा डबल इंजन का तेजी से विकास किया जा रहा है और राज्य का व्यापक विकास होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रशासन कल्याणकारी राज्य की अवधारणा पर आधारित है और हम अपनी सत्ता के रिपोर्ट कार्ड के साथ सत्ता में वापस आएंगे।

## ट्रेन में ढाई साल की बेटी के लिए पेरेंट्स ने मंगाया आमलेट, निकला ककरोच

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** राजधानी एक्सप्रेस रेलवे की सबसे भरोसेमंद मानी जाने वाली ट्रेन है, लेकिन इस ट्रेन के भी कैटरिंग डिपार्टमेंट की गलती ने रेलवे को फिर से सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। मामले के मुताबिक दिल्ली से मुंबई जा रही राजधानी एक्सप्रेस में एक ढाई साल की बच्ची के लिए उसके परिजनों ने एक आमलेट मंगवाया था। उस आमलेट में एक ककरोच निकला। जिसकी फोटो लेकर परिजनों ने उसे रेलवे मंत्रालय समेत प्रधानमंत्री कार्यालय को भी टैग करते हुए ट्वीट कर दिया। जिस पर रेलवे सेवा ने यात्री से उसका पीएनआर नंबर और उसका मोबाइल नंबर सीधे मैसेज करने को कहा और यह भी लिखा कि असुविधा के लिए खेद है।

# बिलावल भुट्टो का सिर कलम करने वाले को दो करोड़ का इनाम, भाजपा कार्यकर्ता ने किया एलान

**बागपत, एजेंसी।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो की प्रधानमंत्री पर टिप्पणी के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं में रोष और गुस्सा है। प्रधानमंत्री पर टिप्पणी के विरोध में शनिवार को जिला पंचायत सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता मनु पाल बंसल ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री का सिर काटने वाले को दो करोड़ रुपये के इनाम की घोषणा की है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने एक समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अशोभनीय टिप्पणी कर दी थी। भाजपा कार्यकर्ता विदेश मंत्री की टिप्पणी का विरोध कर रहे हैं। शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री



बिलावल भुट्टो के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन कर धरना दिया। उन्होंने पाकिस्तान के विदेश मंत्री से अपनी टिप्पणी पर माफी मांगने की मांग की।

धरने में जिला पंचायत सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता मनु पाल बंसल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पाकिस्तान के विदेश मंत्री की टिप्पणी का विरोध करते है। उन्होंने कहा कि देश से कोई गलती होने पर पाकिस्तान की ओर से इनाम की घोषणा की जाती है आज देश के प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी की गई है। उन्होंने कहा कि बिलावल भुट्टो सिर धड़ से अलग करने वाले को वह अपनी ओर से दो करोड़ रुपये का इनाम देंगे।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री के प्रधानमंत्री के खिलाफ टिप्पणी करने के विरोध पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री के खिलाफ कलक्ट्रेट में नारेबाजी कर धरना दिया।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने पर शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं का गुस्सा फुटा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट में पाकिस्तान के विदेश मंत्री के खिलाफ नारेबाजी कर धरना दिया। जिलाध्यक्ष सूरज पाल सिंह गुर्जर ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री के खिलाफ देशभर में भाजपा कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन कर रहे।

पाकिस्तान के विदेश मंत्री को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी के लिए यूएनओ में माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री के माफी न मांगने पर इसका विरोध किया जाएगा और पाकिस्तान को उसकी ही भाषा में इसका जवाब दिया जाएगा। देश की जनता पीओके पर कब्जा करना जानती है।

# संयुक्त राष्ट्र ने विलुप्त हो रही भाषाओं को बचाने के लिए शुरू की 10 वर्षीय योजना

**संयुक्त राष्ट्र ,एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र ने असित्व के संकट का सामना रहीं देशी भाषाओं को बचाने के लिए श्देशी भाषाओं का अंतर्राष्ट्रीय दशक शुरू किया है। अपनी भाषाओं को संरक्षित करना न केवल उनके लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, प्रत्येक स्वदेशी भाषा के विलुप्त होने के साथ ही उसके साथ जुड़ी संसति, परंपरा और ज्ञान भी चला जाता है। हमें अपने पर्यावरण से संबंधित तरीके में आमूल-चूल परिवर्तन की सख्त जरूरत है।

संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक मामलों के विभाग के अनुसार स्वदेशी लोग दुनिया की लगभग 6,700 भाषाओं में से 4,000 से अधिक भाषाएं बोलते हैं। एक अनुमान के मुताबिक इस सदी के अंत तक सभी भाषाओं में से आधी से अधिक विलुप्त हो जाएंगी।हाल ही में मन्ट्रियल में संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन से लौटे कोरोसी ने कहा, यदि हम प्रति की रक्षा करना चाहते हैं, तो हमें स्वदेशी लोगों को सुनना चाहिए, और हमें उनकी भाषाओं का संरक्षण करना चाहिए।उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और षि संगठन के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि स्वदेशी लोग दुनिया की शेष जैव विविधता के लगभग 80 प्रतिशत के संरक्षक हैं। फिर भी हर दो हफ्ते में एक स्वदेशी भाषा मर जाती है। यह खतरे की घंटी है।महासभा के अध्यक्ष ने देशों से स्वदेशी समुदायों के साथ काम करने का आग्रह किया ताकि उनके अधिकारों की रक्षा की जा सके, जैसे कि उनकी मूल भाषाओं में शिक्षा और संसाधनों तक पहुंच, और यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनका और उनके ज्ञान का शोषण न हो।उन्होंने सलाह दी, स्वदेशी लोगों से परामर्श करें, निर्णय लेने की प्रक्रिया के हर चरण में उनके साथ संलग्न हों।स्वदेशी लोगों के 22-सदस्यीय समूह की ओर से बोलते हुए, मैक्सिकन संयुक्त राष्ट्र के राजदूत जुआन रेमन डे ला फुएंते ने कहा कि भाषा शब्दों से अधिक है।उन्होंने चेतावनी दी,यह इसके बोलने वालों की पहचान और इसके लोगों की सामूहिक आत्मा का सार है। भाषाएं लोगों के इतिहास, संसति और परंपराओं का प्रतीक हैं, और वे खतरनाक दर से मर रही हैं।कोलंबिया की संयुक्त राष्ट्र की राजदूत लियोनोर जलाबाटा टोरेस ने अपनी स्वदेशी भाषा में संबोधित किया।उन्होंने कहा, भाषा ज्ञान और सांसतिक पहचान की अभिव्यक्ति है, और वह साधन है जो हमारे दैनिक वास्तविकता को अर्थ देता है जो हमें अपने पूर्वजों से विरासत में मिला है।

## सीबीआई ने छह लोगों के खिलाफ वीजा धोखाधड़ी के आरोप में मामला दर्ज किया

**नयी दिल्ली ,एजेंसी।** केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने फ्रांस के दूतावास में वीजा धोखाधड़ी के आरोप में दिल्ली में फ्रांस दूतावास के वीजा विभाग में पूर्व में काम करने वाले दो व्यक्तियों सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

केन्द्रीय जांच एजेंसी ने यह जानकारी दी।

सीबीआई के बयान के अनुसार दो आरोपियों ने पहले फ्रांस के दूतावास के वीजा विभाग में काम किया था, उन्होंने अन्य लोगों के साथ साजिश रची और एक जनवरी से 06 मई, 2022 की अवधि के दौरान वीजा धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

## अमित शाह के सामने बीएसएफ अधिकारियों से बहस करने लगीं मुख्यमंत्री

**कोलकाता ,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा वाले राज्यों की भी सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ सीमा पार अपराधों की जांच करने की समान जिम्मेदारी है। उन्होंने पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय नबन्ना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और झारखंड के उनके समकक्ष हेमंत सोरेन और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भाग लिया। बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बीएसएफ अधिकारियों के बीच बहस हो गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। ममता बीएसएफ को बर्डर के 50 किलोमीटर अंदर तक कार्रवाई के अधिकार देने से नाराज हैं। ममता का कहना है कि इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। दरअसल केंद्र सरकार ने नए कानून के तहत क्रस्न्न को इंटरनेशनल बर्डर से 50 किलोमीटर तक के इलाके में कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। इसके लिए मजिस्ट्रेट के आदेश या वारंट की जरूरत नहीं होगी। इससे पहले बीएसएफ 15 किमी अंदर तक ही कार्रवाई कर सकती थी। ममता इसी बदलाव से नाराज हैं। उनका कहना है कि इससे आम लोग परेशान हो रहे हैं।

# पेरू की कांग्रेस ने समय पूर्व चुनाव कराने वाले विधेयक को किया खारिज

**लीमा ,एजेंसी।** पेरू की कांग्रेस ने दिसंबर 2023 तक आम चुनाव कराने के विधेयक को खारिज कर दिया है। चुनाव 2026 में होने हैं। विधायी संविधान आयोग के अध्यक्ष हर्नाडो गुएरा ने बिल पेश किया और बताया कि यह चुनावी सुधारों को करने के लिए पर्याप्त समय देगा, लेकिन व्यापक रूप से कांग्रेस की आम सहमति हासिल करने में विफल रहा।

एक प्रस्ताव को पारित करने के लिए आवश्यक 87 मत प्राप्त करने में विफल रहने पर, विधेयक के पक्ष में 49 मत प्राप्त हुए, जिसमें 33 विरोध और 25 मतदान से अनुपस्थित रहे।

कथित स्थायी नैतिक अक्षमता और कैस्टिलो को बदलने के लिए उपराष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे के शपथ ग्रहण पर 7 दिसंबर को कास्टिलो की गिरफ्तारी और गिरफ्तारी के बाद एक राष्ट्रव्यापी राजनीतिक अशांति के बीच बिल पेश किया गया था।

2026 तक राष्ट्रपति पद पर रहने के लिए बोलुआर्टे का विरोध करते हुए, बिल का उद्देश्य 30 अप्रैल, 2024 को उनके कार्यालय का कार्यकाल और उसी वर्ष 28 अप्रैल को कांग्रेस का कार्यकाल कम करना है।

आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार बोलुआर्टे के इस्तीफे, कांग्रेस के बंद, कैस्टिलो की रिहाई और समय से पहले चुनाव की मांग को लेकर हुए विरोध प्रदर्शनों में रविवार से अब तक कम से कम 19 प्रदर्शनकारी मारे जा चुके हैं।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस स्टेशनों को आग लगा दी, पेरू के मुख्य राजमार्ग को बाधित कर दिया और हवाई अड्डों तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया, जिससे सैकड़ों विदेशी पर्यटक फंसे हुए हैं।

साथ ही शुक्रवार को पेरू के शिक्षा और संसति मंत्रियों ने प्रदर्शनकारियों की मौत के विरोध में बोलुआर्टे को अपना अपरिवर्तनीय इस्तीफा सौंप दिया।

छोडने वाले पहले शिक्षा मंत्री पेट्रीसिया कोरिया थे, जिनके त्याग पत्र को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था, जिसमें कहा गया था कि हमवतन लोगों की मौत का कोई औचित्य नहीं है और राज्य हिंसा असंतुलित नहीं हो सकती है और मौत का कारण बन सकती है।

कोर्रिया ने कहा कि पेरू बड़े पैमाने पर राजनीतिक संकट का सामना कर रहा है जो लोकतांत्रिक ढ़ विश्वास और आदेश के साथ-साथ पेरू के प्रत्येक नागरिक के जीवन के लिए सम्मान की मांग करता है।

संसति मंत्री जायर पेरेज ने अपने पत्र में उस भावना को प्रतिध्वनित करते हुए कहा कि पेरू को शांति और प्रभावी संवाद की आवश्यकता है, अधिक हिंसा की नहीं।

## राहुल गांधी कांग्रेस के लिए समस्या, देश के लिए शर्मिंदगी: रिजिजू

**तवांग ,एजेंसी।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू शनिवार सुबह अरुणाचल प्रदेश के तवांग पहुंचे। वहां से उन्होंने भारतीय जवानों के साथ फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि हमारे सैनिक यहां पूरी तरह मुस्तैद हैं और तवांग पूरी तरह सुरक्षित है। एक अन्य ट्वीट में उन्होंने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा, वह न केवल कांग्रेस के लिए एक समस्या है, बल्कि वह देश के लिए एक बड़ी शर्मिंद्गी बन गए हैं। वहीं, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के चीन को लेकर दिए गए बयान को लेकर आज कहा कि उन्हें पहले वर्ष 1962 की स्थिति देखनी चाहिए, इसके बाद बात करनी चाहिए, आज देश की ओर कोई आंख उठाकर नहीं देख सकता है। चौहान ने यहां मीडिया द्वारा राहुल गांधी के चीन को लेकर दिए गए बयान को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यह बात कही।

# कानून मंत्री की टिप्पणी पर सीजेआई चंद्रचूड़ की दो टूक, छोटे मामलों को भी देखना हमारी ड्यूटी

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उसके लिए कोई मामला छोटा नहीं है, यदि व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मामला होगा तो हम उसमें जरूर हस्तक्षेप करेंगे। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अगर हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों में कार्रवाई नहीं करते हैं और राहत नहीं देते तो हम यहां क्या कर रहे हैं।

मुख्य न्यायाधीश की यह टिप्पणियां कानून मंत्री किरेन रिजिजू के गुरुवार को संसद में दिए गए बयान के बाद आई हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट को जमानत याचिकाओं और फालतू पीआईएल पर सुनवाई नहीं करनी चाहिए, बल्कि संवैधानिक मसलों की सुनवाई करनी चाहिए।

मुख्य न्यायाधीश की पीठ एक मामले की सुनवाई कर रही थी जिसमें व्यक्ति को बिजली की चोरी के लिए कुल 18 साल की लगातार सजा काटने का आदेश दिया गया। आरोपी ने प्ली बार्गेनिंग स्वीकार कर ली थी और उसे नौ मामलों में से प्रत्येक में दो साल की सजा सुनाई गई। अधिकारियों ने माना कि सजाएं एकसाथ के बजाय एक के बाद एक चलती हैं, जिसके परिणामस्वरूप कुल 18 साल की सजा होती है।

सीजेआई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा मामला बिल्कुल चौंकाने वाला है। अपीलकर्ता पहले ही सात साल की सजा काट चुका है। इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा यह आदेश देने से इनकार करने के बाद अपीलकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया कि उसकी सजा एकसाथ चलनी चाहिए। पीठ ने कहा यदि सुप्रीम कोर्ट को इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करना है तो हम यहां किसलिए हैं। हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं और हम इस व्यक्ति की रिहाई का आदेश नहीं देते हैं तो हम यहां किसलिए हैं। ऐसे में हम संविधान के अनुच्छेद 136 का उल्लंघन कर रहे हैं।

पीठ ने मामले में वरिष्ठ वकील एस नगामुथु की सहायता मांगी। नगामुथु ने हाईकोर्ट के आदेश को गलत बताते हुए कहा, इससे यह आजीवन कारावास बन जाएगा। मुख्य न्यायाधीश ने तुरंत कहा, इसलिए सुप्रीम कोर्ट की जरूरत है, जब आप यहां बैठते हैं तो सुप्रीम कोर्ट के लिए कोई भी मामला छोटा नहीं होता और कोई मामला बहुत बड़ा नहीं होता।कोर्ट ने कहा कि हम यहां अंतरात्मा की पुकार और नागरिकों की स्वतंत्रता की पुकार का जवाब देने के लिए हैं। यही यहां कारण है। यह बंद मामला नहीं हैं। जब आप यहां बैठते हैं और रात को फाइलें पढ़कर आते हैं तो आपको एहसास होता है कि हर रोज कोई न कोई मामला ऐसा ही होता है।

# भारत ने बांग्लादेश को हराकर रचा इतिहास, लगातार तीसरी बार जीता नेत्रहीन टी20 विश्व कप




नई दिल्ली,तीसरे नेत्रहीन टी–20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में भारत ने बांग्लादेश को 120 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही भारत ने तीसरी बार टी–20 वर्ल्ड कप अपने नाम किया। बेंगलुरु में खेल गए ने पहले बैटिंग करते हुए 277 रन बनाए थे।

जवाब में बांग्लादेश तीन विकेट 157 रन ही बना सका। नेत्रहीन टी20 विश्व कप का फाइनल मैच भारत और बांग्लादेश के बीच बेंगलुरु में खेला गया। भारत ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में दो विकेट पर 277 रन का स्कोर बनाया। ओपनर सुनील रमेश ने 63 गेंद पर नाबाद 136 रन और कप्तान एके रेड्डी ने 50 गेंद पर नाबाद 100 रन की पारी खेली। बांग्लादेश के सलमान ने दो विकेट हासिल किए।

**टूर्नामेंट में पाकिस्तान ने नहीं लिया हिस्सा**

278 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश तीन विकेट के नुकसान पर 157 रन ही बना सका। पहले सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने साउथ अफ्रीका को हराया था। वहीं बांग्लादेश, श्रीलंका को हराकर फाइनल में पहुंचा था। 6 देशों के बीच 5 दिसंबर से इस टूर्नामेंट की शुरूआत हुई थी। वीजा न मिलने के चलते इस बार पाकिस्तान टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सका था।

तीसरी बार विश्व चैंपियन बना भारत

नेत्रहीन टी20 विश्व कप के तीसरे संस्करण के खिताब को भारत ने अपने नाम किया।

2012 में पहली बार इस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। उस समय भी भारत ने खिताब जीता था। फिर 2017 में हुए दूसरे टूर्नामेंट में भी बेंगलुरू में खेले गए फाइनल में टीम इंडिया, पाकिस्तान को हराकर चैंपियन बना। अब 2022 में भारत ने टूर्नामेंट को जीतकर अपनी हैट्रिक पूरी की।

# नागालैंड ने बनाया रणजी ट्रॉफी के इतिहास का चौथा सबसे कम स्कोर

## उत्तराखंड ने दी करारी शिकस्त

नई दिल्ली, क्रिकेट को अनिश्चितताओं का खेल यूं ही नहीं कहा जाता। कुछ ऐसी ही आश्चर्यजनक हुआ शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी में हुआ। उत्तराखंड के खिलाफ नागालैंड शुक्रवार को दूसरी पारी में 25 रन पर ऑल आउट हो गया। 41 साल बाद रणजी ट्रॉफी दूसरा सबसे कम स्कोर बना है। उत्तराखंड ने अपने ग्रुप ए में नागालैंड को 174 रन से करारी शिकस्त दी।

पहली पारी में 107 रनों की बढ़त लेने के बाद उत्तराखंड ने दूसरी 306/7 पर घोषित कर दी। इसके बाद नागालैंड को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया। जवाब में नागालैंड उत्तराखंड के स्पिनरों के आगे टिक नहीं सका। मयंक मिश्रा ने 9 ओवर में 7 मेडन और 4 रन देते हुए 5 विकेट लिए। स्वप्निल सिंह ने 9 ओवर में 5 मेडन और 21 रन खर्च करते हुए 4 विकेट लिए। नागालैंड मात्र 18 ओवर ही खेल सका।

**रणजी ट्रॉफी के इतिहास का चौथा सबसे कम स्कोर**

यह रणजी ट्रॉफी के इतिहास में चौथा सबसे कम स्कोर था और पिछले 41 वर्षों में दूसरा सबसे कम स्कोर रहा। इससे पहले यह रिकॉर्ड हैदराबाद के नाम था। राजस्थान ने हैदराबाद को 21 रन पर ऑल आउट किया था। वहीं उत्तरी भारत ने दक्षिणी पंजाब को 22 रन पर आउट किया था।

**जम्मू और कश्मीर दो बर 23 के स्कोर पर हुआ है ऑल आउट**



जम्मू और कश्मीर को दो बार 23 के स्कोर पर ऑल आउट हो गया था। पहली बार दिल्ली ने तो दूसरी बार हरियाणा ने यह कमाल किया था। सिंध, दक्षिणी पंजाब के खिलाफ 23 बनाकर कम स्कोर बनाने की लिस्ट में शामिल है। नागालैंड के नौवें नंबर के बल्लेबाज नागाहो चिशी दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंचने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे। इसके अलावा नगालैंड के बल्लेबाजों का स्कोर टेलीफोन नंबर 0, 7, 0, 0, 0, 1, 0, 7, 10, 0 और 0 नॉट आउट जैसा रहा। इस जीत के साथ साथ उत्तराखंड के 6 अंक हो गए हैं वहीं, नगालैंड का अभी खाता तक नहीं खुला है।

# चौथे दिन का खेल समाप्त, भारत की जीत और बांग्लादेश की हार के बीच खड़े शाकिब अल हसन




नई दिल्ली, भारत और बांग्लादेश के बीच पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन का खेल समाप्ता हो गया।513 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने 6 विकेट के नुकसान पर 272 रन बना लिए हैं। शाकिब अल हसन (40) और मेहदी हसन (9) नाबाद लौटे। भारत ने दूसरी पारी दो विकेट पर 258 रन पर घोषित कर दी थी। बांग्लादेश पहली पारी में 150 रन पर ऑल आउट हो गया था। चौथे दिन का खेल शुरु होने पर बांग्लादेश के ओपनर जाकिर हसन (17) और नाजमुल हुसैन शांतो (25) रन से आगे खेला शुरू किया। इस स्कोर से आगे खेलते हुए चौथे दिन दोनों बल्लेबाजों ने सधी हुई शुरुआत दी। शांतो और हसन ने हाफ सेंचुरी पूरी की। शांतो दुर्भाग्यपूर्ण रहे और 67 के निजी स्कोर पर उमेश यादव का शिकार बने।

चौथे दिन के तीसरे हाफ तक बांग्लादेश ने 99 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 271 रन बना लिए हैं। उसे जीत के लिए 242 रन की जरूरत है। भारत को जीत के लिए मात्र चार विकेट चाहिए।

**बांग्लादेश की दूसरी पारी, जाकिर का शतक**

513 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश के ओपनरों ने ठोस शुरुआत की। शांतो और हसन ने लंच ब्रेक तक संभल कर खेलते हुए अपना–अपना अर्धशतक पूरा किया। लंच ब्रेक के बाद भारत को पहली सफलता हाथ लगी। उमेश यादव ने शांतो को आउट किया। अक्षर पटेल ने बांग्लादेश के यसीर अली को आउट कर दूसरा झटका दिया। बांग्लादेश की तरफ से अपना पहला टेस्ट खेल रहे जाकिर ने शतक जमाया। शतक लगाने के बाद अश्विन ने जाकिर को आउट किया। भारत की तरफ से अक्षर पटेल ने तीन विकेट लिए। वहीं, अश्विन, उमेश और कुलदीप को एक–एक विकेट मिला।

**भारत की दूसरी पारी, पुजारा और शुभमन गिल का शतक**

बांग्लादेश को 150 रन पर ऑल आउट करने के बाद भारत ने पहली पारी के आधार पर 254 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में केएल राहुल और शुभमन गिल ने सधी हुई शुरुआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। राहुल 23 रन बनाकर आउट हुए, लेकिन शुभमन गिल ने शतक पूरा किया। आउट होने से पहले शुभमन गिल ने 152 गेंद पर 110 रन की पारी खेली। वहीं, चेतेश्वर पुजारा ने 52 पारियों के बाद टेस्ट क्रिक्रेट में शतक पूरा किया। भारत ने 258 के स्कोर पर दूसरी पारी घोषित कर दी। भारत ने 512 रन की कुल बढ़त हासिल की। मेहदी हसन और खालिद अहमद को एक–एक विकेट मिला।

**बांग्लादेश की पहली पारी, कुलदीप के पांच विकेट**

इससे पहले 404 रन के जवाब में बांग्लादेश की पारी लड़खड़ा गई। भारतीय गेंदबाजों ने समय–समय पर बांग्लादेश को टीम को झटा दिया। बांग्लादेश की तरफ से कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। टीम 55.5 ओवर में 150 रन पर ऑल आउट हो गई। भारत की तरफ से कुलदीप ने पांच, सिराज ने तीन, उमेश यादव और अक्षर को एक–एक विकेट मिले।



# फिल्मी गपशप

## पठान के लिए शाहरुख ने वसूली इतनी मोटी रकम, जॉन से भी कम है दीपिका की फीस



बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान साल 2023 में तीन फिल्मों से बड़े पर्दे पर तहलका मचाने आ रहे हैं। जिसकी शुरूआत फिल्म पठान से करने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम नजर आएंगे। फैंस इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में पठान का पहला गाना बेशर्म रंग रिलीज हुआ था। जिसमें दीपिका पादुकोण ने अपनी अदाओं से जलवा बिखेरा। हालांकि गाने को लेकर लगातार विवाद हो रहा है। लेकिन इस फिल्म को करने के लिए सभी कलाकारों ने तगड़ी फीस ली है।

फिल्म पठान से शाहरुख खान ने लगभग 4 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए एक्टर ने अपनी फिटनेस का खास ध्यान रखा है। फिल्म के एक्टर ने जीन जान से मेहनत की है। अब जब मेहनत की है तो, किंग खान फीस भी डबल ही लेंगे। जी हां अगर बाकी कलाकारों से तुलना करें तो सबसे ज्यादा शाहरुख खान ने फीस चार्ज की है। रिपोर्ट्स के अनुसार अभिनेता ने पठान के लिए 100 करोड़ रुपये लिए हैं।

फिल्म पठान में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की जबरदस्त आन स्क्रीन कैमिस्ट्री दिखाई देगी। फैंस इस जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ देखने को मिलेगी। फिल्म के पहले गाने बेशर्म रंग में दोनों की सिजलिंग कैमिस्ट्री देख फैंस और भी ज्यादा एक्साइटेड हैं। वहीं, रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण ने 15 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं। इसके अलावा पठान में जॉन अब्राहम भी अपने एक्शन अवतार से एक बार फिर फैंस को एंटरटेन करेंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि, दीपिका से भी ज्यादा जॉन अब्राहम ने पठान के लिए फीस चार्ज की है। जी हां एक्टर ने फिल्म के लिए 20 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।

वहीं इस फिल्म में डिंपल कपाडिया भी मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी। लेकिन अब तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई कि, एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए कितनी फीस चार्ज की है। सुपरस्टार सलमान खान ने इस मूवी में स्पेशल अपीयरेंस दिया है। जिसकी चर्चा जोरों पर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाईजान ने फिल्म में कैमियो के लिए एक भी पैसा नहीं लिया।

बता दें कि, 25 जनवरी 2023 को पठान सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ये फिल्म हिंदी के अलावा, तमिल और तेलुगू में भी रिलीज की जाएगी। ये फिल्म 250 करोड़ के बजट में तैयार की गई है। फिल्म को लेकर चारों ओर जबरदस्त बज बना हुआ है। अब देखना होगा कि, ये फिल्म बॉक्स ऑफिस धमाल मचा पाएगी या नहीं।



## अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने जिम ट्रेनर शाहनवाज शेख से रचाई शादी



साथ निभाना साथिया फेम अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने जिम ट्रेनर और बॉयफ्रेंड शाहनवाज शेख के साथ शादी रचा ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर करते हुए शादी की खुशखबरी दी है। उन्होंने एक निजी समारोह में मुंबई में सात फेरे लिए हैं। शादी के बाद वह एक रिसेप्शन आयोजित कर सकती हैं। इसमें उनके करीबी लोगों और दोस्तों को आमंत्रित किया जाएगा। फैंस सोशल मीडिया पर देवोलीना को शुभकामनाएं दे रहे हैं।

देवोलीना ने तस्वीरें शेयर करते हुए अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं गर्व के साथ कह सकती हूं कि मैं शोनू की हो गई हूं। चिराग लेकर भी ढूढ़ती तो तुझ जैसा नहीं मिलता। तुम मेरे सभी दर्द और प्रार्थनाओं का जवाब हो। आई लव यू शोनू। हमें अपनी प्रार्थनाओं में रखिएगा और आशीर्वाद बनाए रखिए। तस्वीरों में देवोलीना और शाहनवाज काफी खुश दिख रहे हैं। देवोलीना बिग बॉस 13 और बिग बॉस 15 में भाग ले चुकी हैं।

## संजय लीला भंसाली की हीरा मंडी में जैकी श्रॉफ, पहले देवदास में मिलाया था हाथ

आलिया भट्ट की गंगूबाई काठियावाड़ी की शूटिंग खत्म करने के कुछ समय बाद ही संजय लीला भंसाली ने नेटफ्लिक्स के साथ वेब सीरीज हीरा मंडी की घोषणा की थी। इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला और अदिति राव हैदरी मुख्य भूमिका में दिखेंगी। शो की अन्य स्टारकास्ट को लेकर तरह–तरह के अपडेट्स आ चुके हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार शो में जैकी श्रॉफ की एंट्री हुई है। इससे पहले जैकी और भंसाली ने देवदास में साथ काम किया था। रिपोर्ट के अनुसार हीरा मंडी में जैकी श्रॉफ की एंट्री हुई है। दोनों ने पिछली बार 2002 में फिल्म देवदास के लिए हाथ मिलाया था। यह देखना दिलचस्प होगा कि 20 साल बाद दोनों की केमिस्ट्री क्या कमाल दिखाती है।

## 'हसरतें' में करुणा का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण थाः अदा खान



'नागिन' की अभिनेत्री अदा खान आगामी वेब सीरीज 'हसरतें' में करुणा का दमदार किरदार निभाती नजर आएंगी। अदा खान ने कहा कि वह अपनी भूमिका में जो पूर्णता ला सकीं, वह सब निर्देशक हेमंत प्रभु की वजह से है जिनके मार्गदर्शन के बिना वह अपनी भूमिका के साथ न्याय नहीं कर पातीं। उन्होंने कहा, मेरा किरदार रूढ़िवादी सामाजिक मानदंडों को धता बताते हुए खुद के लिए खड़े होने के लिए लचीलेपन और ध्ढ़ संकल्प की एक अनूठी यात्रा दिखाता है। अदा खान 'बेहेन', 'अमृत मंथन', 'नागिन' और 'विश या अमृतः सितारा' जैसे शो के लिए जानी जाती हैं। 2020 में, उन्होंने रियलिटी शो 'फियर फैक्टरः खतरों के खिलाड़ी 10' में भाग लिया।उन्होंने कहा– भावनात्मक रूप से इस तरह के किरदार को निभाना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन मेरे एपिसोड के निर्देशक हेमंत प्रभु, जिनके साथ मैंने अतीत में भी काम किया है, ने मुझे इस भूमिका को बहुत जोश और ध्ढ़ विश्वास के साथ निभाने में मदद की। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस बात पर ध्यान देंगे कि मैं अपने प्रशंसकों और दर्शकों को सर्वश्रेष्ठ देने के लिए अपने शिल्प को कितनी गंभीरता से लेती हूं।'हसरतें' में पांच महिलाओं की कहानी दिखाई गई है, जो एक आदर्श साथी खोजने के अपने अधिकारों के लिए समाज और अपने परिवार से लड़ती हैं। शकुंतलम फिल्म्स द्वारा निर्मित इस सीरीज में मोनालिसा, अदा खान, कृष्णा मुखर्जी, रवि भाटिया, विन राणा, शिल्पा तुलस्कर, सना सैय्यद, सिद्धार्थ शर्मा, आयुष आनंद और साहिल उप्पल हैं।

## बैकलेस ड्रेस में रिया चक्रवर्ती ने दिए ऐसे पोज, नजरें नहीं हटा पा रहे फैंस

बॉलीवुड एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती आए दिन अपनी बोल्ड और स्टनिंग लुक्स से फैंस के बीच छाई हुई रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की है जिसमें रिया चक्रवर्ती बेहद ही ग्लैमरस नजर आ रही हैं। रिया चक्रवर्ती हर वक्त फैंस के बीच अपने हुस्न के जलवे बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ती हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती बेहद ही खूबसूरत और हॉट नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती हमेशा अपने हर अंदाज से फैंस का अटेंशन अपनी ओर खींचती हुई नजर आती हैं।



हालांकि इन तस्वीरों में भी एक बार कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती का फैशन सेंस हमेशा से ही कमाल का रहता है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रिया ने ब्लैक कलर की बैकलेस ड्रेस पहनी हुई है जिसमें वो सुपर बोल्ड लुक्स देती हुई नजर आ रही हैं। अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं।

**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com